CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम: 03°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 11 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 67 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी
पेज 2


पहले वनडे में भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती
खेल टाइम्स


ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी: ट्रम्प
पेज 11


'अकेली' के लिए फराह खान ने की नुसरत भरूचा की तारीफ
बॉलीवुड

# कपसाड़ हत्याकांड: अपहृत युवती बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना ( मेरठ )।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।


अपहृत युवती का फाइल फोटो


आरोपी पारस का फाइल फोटो

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।

### मेरठ की सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**मेरठ।** दलित महिला की हत्या और नाबालिग बेटी के अपहरण से उपजा आक्रोश अब मेरठ के कपसाड़ गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों और टोल प्लाजा तक पहुंच गया था। पिछले दो दिन से सुलग रहा यह मामला शनिवार को उस वक्त और भड़क उठा, जब नेताओं, संगठनों और समर्थकों के पहुंचने की कोशिशों ने प्रशासन को सख्त नाकेबंदी और कड़े सुरक्षा इंतजामों के लिए मजबूर कर दिया। हालात इतने संवेदनशील हो गए कि पुलिस को गांव ही नहीं, उससे जुड़े तमाम मार्गों पर भी अभूतपूर्व सतर्कता बरतनी पड़ी। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी फिलहाल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते अटेरना पुल सहित गांव को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी गई है। तमाम आला अधिकारी स्वयं मौके पर डेरा डाले हुए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। केवल स्थानीय ग्रामीणों को पहचान सत्यापन के बाद आने-जाने की छूट दी जा रही है।

# ओडिशा में नौ सीटर विमान क्रैश, पायलट ने मेडे कॉल किया

■ खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग कराई, 4 यात्री व 2 पायलट घायल

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है।

घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शिअल विमान वीटी केएसएस ने दोपहर 12.27 बजे से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने मेडे कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वीटी केएसएस प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्लारी हिंसा मामला सीआईडी को सौंपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेल्लारी में हुई हिंसक घटना की जांच शनिवार को सीआईडी को सौंप दी गई है। सीआईडी अब हिंसा के उन सभी पहलुओं की जांच करेगी जो एक स्थानीय झड़प से शुरू होकर हत्या तक जा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की जांच टीमों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीबीआई ने भी राज्य द्वारा की गई जांच को सही ठहराया है। कुछ मामलों में तो सीबीआई ने यहां तक माना है कि राज्य की टीमों ने केंद्रीय एजेंसी की तुलना में बेहतर काम किया है। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा लगातार इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जिसे राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

### दिल्ली में घना कोहरा हवाई यात्रा एवं जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बेहद खराब रहने और घना कोहरा छाने एवं खराब मौसम की वजह से सामान्य जनजीवन और हवाई यात्रा प्रभावित हुई। सुबह 8:02 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 431 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। रिपोर्ट के अनुसार,पीएम 2.5 का स्तर 289 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं: एनएसए डोभाल

## बोले: हम मनोरोगी नहीं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाईयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। अजीत डोभाल ने कहा कि दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा, लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है। मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा: युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं



### ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

■ पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइज्ड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। सीडीएस ने कहा कि भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा बंगाल बनाम ईडी विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट
■ प्रवर्तन निदेशालय ने भी दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।

### एसआईआर के कारण पश्चिम बंगाल में 77 मौतें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा कि एसआईआर प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह एसआईआर प्रक्रिया रही।

# जी राम जी विधेयक: छह राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

■ दावा: सारे फैसले केंद्र सरकार के हाथ

**नई दिल्ली।** मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू किया। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है।

तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं। इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से 'महात्मा गांधी' का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

# उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री, पिथौरागढ़ में झरना जमा

■ यूपी में कोहरे के चलते 50 ट्रेनें लेट


**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। वहीं पहाड़ों में पाला गिरने की संभावना जताई गई है। तीन दिन से आदि कैलाश और केदारनाथ का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# आतंक के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाक की नीति: सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता: मनोज कुमार कटियार



**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुठ्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में मुंह ढके महिलाओं, पुरुषों को नहीं मिलेंगे गहने

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में सराफा कारोबारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर एक अहम निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष कमल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब, घूंघट या किसी भी प्रकार से मुंह ढककर आने वाले ग्राहकों की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपराध की कई घटनाएं अक्सर मुंह ढके या छिपे हुए लोगों द्वारा ही अंजाम दी जाती हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि वाराणसी की किसी भी फुटकर सराफा दुकान या शोरूम में ऐसे ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे, जिनका मुंह हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब या घूंघट से ढका हुआ हो। वाराणसी में दो हजार से अधिक सर्राफा कारोबारी इस निर्णय से सहमत हैं।

### संगठित अपराध के मामले में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को सांबा जिले से एक हार्डकोर अपराधी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। यह विजयपुर पुलिस थाने में दर्ज संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में चौथी गिरफ्तारी है। मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने रामगढ़ तहसील, सांबा जिले के जेडरा गांव के प्रीतम सिंह उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पैतृक गांव से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। मामले की आगे की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं।

# ईडी वहीं पहुंचती है, जहां चुनाव होने हैं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई।

# यूपी में भाजपा विधायकों की उड़ गई रात की नींद

## एसआईआर अभियान व विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है, क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

### विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई

कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब- तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

## बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर सीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार

# सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

प्रयागराज, वार्ता



■ जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन सर्वनाश का ऐसा कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश में देख रहे: सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है।

शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा, तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी साधु संतों ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे को लेकर सियासत गरमा गई है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही है। यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसका सीधा असर पीडीए समाज पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्षी वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कई जिलों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से गायब कर दिए गए, जबकि वे जीवित हैं और उसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावी लाभ के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग पर दबाव डालकर मतदाता सूची में हेरफेर करवाई जा रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सतर्क रहें।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गुप्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति होती है: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निदनीय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुईं और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री देश भर के लगभग 3,000 युवाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय 'डायस्पोरा' का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और राष्ट्र निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चुनींदा निबंध शामिल होंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, एक राष्ट्रीय मंच है, जिसे भारत के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अब अपने दूसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के राजनीति में शामिल करना और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को हकीकत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। नौ से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026,में देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने वाले युवा नेताओं का चयन एक कठिन, योग्यता-आधारित तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें देशव्यापी डिजिटल क्विज, एक निबंध चुनौती और राज्य-स्तरीय विजन प्रेजेंटेशन शामिल हैं। डायलॉग का दूसरा संस्करण अपने पहले संस्करण की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई नए प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'डिजाइन फॉर भारत, टेक फॉर विकसित भारत -हैक फॉर ए सोशल कॉज', विस्तारित थीम वाले जुड़ाव और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है, जो डायलॉग के दायरे और प्रभाव को और मजबूत करता है।

# गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

■ वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है।

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ-नौ जनवरी की इस यात्रा के दौरान गोयल ने ईयू के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच के साथ कई बार बाचतीत की और दोनों नेताओं ने वार्ता टीमों को लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा के साथ दोनों पक्षों के बीच ब्रुसेल्स में एक सप्ताह तक चला गहन राजनयिक और तकनीकी बैठकों का दौर पूरा हुआ। यह बातचीत भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापक एफटीए को साकार करने के लिए दोनों पक्षों के राजनीतिक संकल्प को रेखांकित करता है। श्री गोयल और शेफकोविच के बीच मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच 6-7 जनवरी को उच्च स्तरीय चर्चाएं हुई विभिन्न मुद्दों पर व्यापार वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्रिस्तरीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गोयल और शेफकोविच ने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वस्तुओं के लिए बाजार में प्रवेश, माल की उत्पत्ति के नियम, सेवाओं आदि सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौते को अंतिम रूप देने के रणनीतिक महत्व पर बल दिया जो उनके साझा मूल्यों, आर्थिक प्राथमिकताओं और नियम-आधारित व्यापार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

# अंकिता मामले की सीबीआई जांच छह माह में पूरी हो: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता




■ अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की व सबूत मिटाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए: अलका लाम्बा

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच छह माह में पूरी करने और अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर सबूतों को नष्ट करने का काम किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा तथा पार्टी के संचार विभाग में सचिव वैभव वालिया ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने शुरु से ही इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया है। धामी ने जनता के दबाव में विशेष जांच दल-एसआईटी गठित किया, लेकिन इस जांच में जिन वीआईपी के नाम लिए गए उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उनका कहना था कि जिस रिजॉर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वह भाजपा के मंत्री का था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, जबकि उन्हें इस पर माफी मांगनी चाहिए थी। हत्याकांड की घटना का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, भाजपा नेता विनोद आर्या के रिजॉर्ट में नौकरी करती थी। उसकी नौकरी को महीना भी नहीं हुआ था कि उस पर गत वर्ष 18 सितम्बर को वीआईपी मेहमानों को अनैतिक सेवाएं देने का दबाव बनाया गया लेकिन अंकिता ने मना कर दिया। इसके बाद अंकिता की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 से 22 सितम्बर तक सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट ली गई और 23 सितम्बर को स्थानीय भाजपा विधायक रेनू बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलवाया गया। इस कारवाई का साफ मकसद रिजॉर्ट से सारे सबूत नष्ट करना था क्योंकि अंकिता रिजॉर्ट में ही रहती थी। फिर 24 सितम्बर को अंकिता का शव नहर से बरामद किया गया तब उसके माता-पिता अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा, तो भाजपा नेता विनोद आर्या के बेटे पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी के बाद जनता सड़कों पर उतरी, तो मुख्यमंत्री ने दबाव में एसआईटी का अक्टूबर 2022 में गठन कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई, लेकिन अंकिता पर दबाव बनाने वाला वीआईपी कौन था इसका अब तक पता नहीं चला। सुश्री लाम्बा ने श्री मोदी से सवाल किया कि यदि वह एक दिन में ही नोटबंदी की घोषणा कर सकते हैं, तो 3 साल से अंकिता को न्याय दिलाने में दिक्कत क्यों हो रही है जबकि अंकिता के पिता भाजपा नेता अजय कुमार और दुष्यंत कुमार का लगातार नाम ले रहे हैं, लेकिन एसआईटी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। उन्होंने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना न्यायिक आदेश के स्थानीय भाजपा विधायक ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर क्यों चलवाया। एसआईटी की जांच में वीआईपी का नाम क्यों नहीं आया और यदि आरोप गलत था, तो इसका खंडन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना था कि इस मामले में भाजपा नेताओं का नाम आने पर सिर्फ निष्कासन ही पर्याप्त नहीं था और यदि मंत्री के बेटे का नाम आया था, तो मोदी माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने इस मामले में वीआईपी एंगल की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि सबूत नष्ट करने और बुलडोजर चलाने का आदेश देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही महिला कार्य स्थलों पर सुरक्षा कानूनों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

# निवेशकों के लिए योगी सरकार ने शुरू की सक्रिय सुविधा व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और परियोजना क्रियान्वयन को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने एक राज्यव्यापी सक्रिय सुविधा तंत्र प्रारंभ किया गया है, जो प्रारंभ से अंत तक निवेशकों को सुविधा व सहायता प्रदान करेगा। अधिकृत जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र एकल -बिंदु सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करेंगे।

प्रत्येक उद्यमी मित्र को 10 निवेश परियोजनाएं आवंटित की गई हैं। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को पहले 60 दिनों के लिए पूर्ण एंड-टू-एंड फ्रंट-एंडिंग समर्थन प्राप्त होगा, जो अनुमोदन, विभागीय समन्वय और प्रारंभिक चरण के निर्णय लेने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उद्यमी मित्रों के पुनरीक्षित दायित्वों में बिजली कनेक्शन, पर्यावरणीय स्वीकृति, भूमि आवंटन, भवन योजनाएं और शहरी स्थानीय निकायों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों से अनुमतियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय शामिल है, जिससे निवेशकों को कई विभागों के कार्यालयों में जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस नए तंत्र के तहत, उद्यमी मित्र सभी दस्तावेज़ीकरण और अनुपालन आवश्यकताओं के लिए समयबद्ध सुविधा प्रदान करेंगे। वे प्रचलित नियमों और प्रक्रियाओं के तहत विभागों के साथ समन्वय



**नई व्यवस्था के अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र एकल बिंदु सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करेंगे**

के माध्यम से मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करेंगे और प्रक्रिया सुधार तथा नीतिगत सुझाव उचित चैनलों के माध्यम से प्रेषित करेंगे। यह महत्वपूर्ण पहल इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद शुरू की गई है और यह सक्रिय, समयबद्ध सुविधा ढांचे की ओर बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पहले 60 दिनों के भीतर प्रत्येक निवेश प्रस्ताव के लिए पूर्ण समर्थन अनिवार्य है। उद्यमी मित्रों को सभी जिलों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में तैनात किया गया है, जिससे राज्यव्यापी व्यापक कवरेज सुनिश्चित हो सके। जवाबदेही को मजबूत करने के लिए, प्रत्येक निवेश इरादे के लिए मासिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य है और किसी भी देरी या पारदर्शिता की कमी को तुरंत आधिकारिक चैनलों के माध्यम से रिपोर्ट करना होगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उद्यमी मित्रों द्वारा कार्यान्वयन की समीक्षा हर 15 दिन में की जाएगी और इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के स्तर पर सघन अनुश्रवण किया जाएगा। इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को समन्वित कार्रवाई और संस्थागत समर्थन के लिए पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और उसके बाद प्राप्त निवेश प्रस्तावों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया है। यह योजना सक्रिय सुविधा और निवेशकों की व्यापक हैंड-होल्डिंग पर केंद्रित है ताकि एमओयू को राज्य भर में परिचालन परियोजनाओं में परिवर्तित किया जा सके। इस पहल के तहत, मई 2023 में एक कठोर बहु-स्तरीय प्रक्रिया (लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार) के माध्यम से कुल 105 उद्यमी मित्रों की भर्ती की गई थी। इन पेशेवरों को निवेशकों के लिए एकल-बिंदु सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करने, सरकारी विभागों के साथ समय पर समन्वय सुनिश्चित करने, अनुमोदनों में तेजी लाने और व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन बाधाओं को दूर करने का कार्य सौंपा गया है।

## बहराइच के जंगल में मिला नेपाली सिपाही का शव

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर इलाके में नेपाल से सटे जंगल में आज एक नेपाली सिपाही का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान नेपाल के बांके जिले के निवासी प्रेम बहादुर के रूप में हुई है, जो काठमांडू में सिपाही के पद पर तैनात था। प्रेम बहादुर दस दिन पहले छुट्टी लेकर अपने घर आया था। दो दिन पहले वह घूमने के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। आज सुबह बलई ग्राम के जंगल में उसका शव मिला। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के ससुर हीरालाल और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस से मामले की जांच की मांग की। मोतीपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। इस हत्या के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

# आगरा, वाराणसी और उन्नाव में चार बड़े एसटीपी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना सहित प्रमुख नदियों को स्वच्छ रखने की दिशा में नमामि गंगे मिशन फेज-2 के तहत सीवरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर को व्यापक स्तर पर सुदृढ़ किया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में प्रदेश में चार बड़ी सीवरेज अवसंरचना परियोजनाओं (एसटीपी) का संचालन शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत आगरा में 31 एमएलडी और 35 एमएलडी के दो बड़े एसटीपी स्टार्ट हुए हैं। 842 करोड़ रुपये की इस परियोजना से लगभग 25 लाख लोगों को फायदा होगा। वहीं, वाराणसी के अस्सी-बीएचयू क्षेत्र में 55 एमएलडी एसटीपी का संचालन किया गया है। 308 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस परियोजना से 18 लाख से अधिक लोगों को स्वच्छता और बेहतर अपशिष्ट जल प्रबंधन का लाभ मिलेगा। शुक्लागंज (उन्नाव) में 65 करोड़ रुपये से 5 एमएलडी एसटीपी शुरू हुआ है। इससे 3 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा और गंगा में प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगेगी। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेश में सीवर शोधन की कुल 74 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें से 41 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि बाकी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहरी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल का वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 152 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं, जो बड़ी मात्रा में सीवेज को शुद्ध कर नदियों में प्रवाहित होने से पहले उसे पर्यावरण के अनुकूल बना रहे हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से गंगा-यमुना की स्वच्छता के साथ-साथ जनस्वास्थ्य को भी सुरक्षित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नालों के माध्यम से नदियों में पहुंचने वाले अपशिष्ट जल का शोधन कर पूरी तरह से नदी प्रदूषण की रोकथाम करना है। इससे नदियों की निर्मलता को सुनिश्चित किया जा रहा है। जोगिन्दर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। सीवर शोधन परियोजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश गंगा स्वच्छता के राष्ट्रीय लक्ष्य को तेजी से हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। सीवर शोधन की परियोजना प्रयागराज (नैनी, फाफामऊ, झूंसी), कन्नौज, नरोरा, गढ़ मुक्तेश्वर, अनूपशहर, कानपुर, बिठूर, अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन, छाता (मथुरा), कोसीकला (मथुरा), वाराणसी, चुनार, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, कासगंज, इटावा, शुक्लागंज-उन्नाव, सुल्तानपुर, जौनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना, लखनऊ, गाजीपुर, मिर्जापुर, बरेली, कैराना, फर्रुखाबाद, मेरठ, देवबंद (सहारनपुर), सहारनपुर, शामली, हापुड़, गोरखपुर, आगरा, गुलावटी (बुलंदशहर)ऱ, पंडित दीन दयाल नगर (मुगलसराय-चन्दौली), भदोही, राम नगर, हाथरस, अलीगढ़, डलमऊ (रायबरेली), मानिकपुर (प्रतापगढ़) में संचालित हैं।

## जेल से भागे कैदी, तो खुद को निलंबित समझें जेलर: कारागार मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

गोडा। कन्नौज में जेल से दो कैदियों के फरार होने की घटना से बेहद नाराज उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री ने शनिवार को सभी अधिकारियों को चेतावनी दी कि राज्य के किसी जेल से अगर कैदी भागे तो जेल अधीक्षक स्वयं को निलंबित समझें।

श्री सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कन्नौज जेल से दो कैदियों के फरार होने के मामले पर संबंधित स्टाफ को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अब जेल व्यवस्था पहले जैसी नहीं रहेगी। यदि किसी भी जेल से पलायन की घटना होती है तो उसी दिन संबंधित जेल अधीक्षक स्वयं को निलंबित समझेगा। मंत्री ने अयोध्या में मांसाहार की बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल से बधाई देना चाहते हैं। अयोध्या वह पावन भूमि है जहां भगवान श्रीराम का जन्म हुआ और मंदिर निर्माण के बाद देश - विदेश से सनातन प्रेमी श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। इसी आस्था और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने 15 किलोमीटर की परिधि में मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि उन्होंने जिले में विकसित भारत जी राम जी जन जागरण कार्यक्रम के तहत भाजपा सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों पर भाजपा विधायकों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इसके साथ ही जिले में विकास योजनाओं की जानकारी लेकर उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## गंगा की रेती पर आसमान में दिखेगा पेंच लड़ाने का हुनर, 16 टीमें दिखाएंगी दम

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' अभियान से प्रेरित धर्मनगरी काशी में पतंग-बाजी का रोमांच शुरू होने जा रहा है। नगर निगम वाराणसी की ओर से आगामी 12 जनवरी से दो दिवसीय भव्य 'पतंग प्रतियोगिता' का आयोजन दशाश्वमेध घाट के सामने रेती पर किया जाएगा। शनिवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें प्रतिभाग करेंगी। नियमों के अनुसार प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे तथा एक प्रतिभागी को दो पतंग उड़ाने की अनुमति दी जाएगी। दोनों दिनों में चार-चार मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना तथा मकर संक्रांति के पर्व से पूर्व काशी के युवाओं में उत्साह भरना है। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को समर्पित है। दशाश्वमेध घाट के सामने रेती क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कुल 16 टीमें अपना कौशल दिखाएंगी। प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये दिया जाएगा।

# त्रिवेणी दर्शन और स्नान का पुण्य लाभ लेकर अभिभूत हूं: योगी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें आज गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में दर्शन और स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। योगी ने कहा कि पिछले वर्ष इसी समय हम सब महाकुंभ की तैयारी करने के लिए युद्ध स्तर पर लगे थे। मुझे याद है कि पिछले साल 10 जनवरी को भी मैं प्रयागराज में ही था।

माघ मेले की अंतिम तैयारी देखने के लिए मैं आया था। इस वर्ष का माघ मेला पूरी भव्यता के साथ पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व 3 जनवरी 2026 से प्रारंभ हो गया है। माघ मेला का यह आयोजन लगातार 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। उन्होंने कहा कि पौष पूर्णिमा पर यह अनुमान था कि 10 से 15 लाख श्रद्धालु आएंगे, लेकिन पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में आकर आस्था की डुबकी लगाई। वेणी माधव, बड़े हनुमान जी की कृपा से अक्षय वट के असीम सानिध्य में 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पौष पूर्णिमा पर सकुशल स्नान किया,कल्पवासी एक माह तक यहां पर कल्पवास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भगवान रामानंदाचार्य जी की जयंती के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है,प्रयागराज का सौभाग्य है कि यह पर अनेक ऋषि मुनियों की पावन धरा है। यहां पर महर्षि भारद्वाज महर्षि, याज्ञवल्क्य और अन्य पूज्य महर्षियों व सिद्ध संतों का सानिध्य इस पावन धरा को प्राप्त हुआ है जगद्गुरु रामानंदाचार्य का जन्म प्रयागराज के दारागंज में हुआ था। आज जगतगुरु रामानंदाचार्य के जन्मोत्सव के कार्यक्रम के साथ ही माघ मेले की तैयारी हमने देखी है। योगी ने कहा 14 व 15 जनवरी को मकर संक्रांति का स्नान होगा, इसके बाद 18 जनवरी को मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान पर्व होगा, इसके बाद 23 जनवरी को बसंत पंचमी और 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा का स्नान पर्व होगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान पर्व के साथ माघ मेला संपन्न होगा। माघ मेले के आयोजन के लिए पुलिस और प्रशासन ने और अन्य विभागों ने अपनी पूरी तैयारी की है पहले की तुलना में स्नान घाटों की लंबाई बढ़ाई गई है,माघ मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया गया है। इन दिनों भीषण शीत लहरी चल रही है, इसलिए ठंड से बचाव के लिए जरूरी उपाय किए गए हैं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के साथ मेला से जुड़े हुए मेला सेवा मोबा. इल एप का भी शुभारंभ किया गया है। किसी भी कल्पवासी किसी भी श्रद्धालु किसी भी साधु संत को, अगर उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वह सेवा मोबाइल ऐप से मदद ले सकते हैं।

## औरैया में सड़क दुर्घटना में बैंक मैनेजर की मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-19 पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान एचडीएफसी बैंक के मैनेजर के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर के मोहल्ला बनारसी दास (थाना कोतवाली औरैया) निवासी सुधीर कुमार मौर्य दोपहर करीब 2 बजे अपनी स्कूटी से औरैया से मुरादगंज की ओर जा रहे थे, तभी रेवा कोल्ड स्टोरेज के सामने पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुधीर कुमार मौर्य ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डंपर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया।

# यूपी पर्यटन करेगा ग्रामीण पर्यटन के चैम्पियंस को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने स्टेट पर्यटन अवॉर्ड्स 2026 की घोषणा की है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन गांवों, ग्रामीण होमस्टे और फार्म स्टे को सम्मानित करना है, जो संस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और जिम्मेदार पर्यटन के माध्यम से पर्यटन को मजबूती दे रहे हैं।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इन पुरस्कारों के लिए तीन श्रेणियों बेस्ट पर्यटन गांव 2026, बेस्ट होमस्टे (ग्रामीण) और बेस्ट फार्म स्टे में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक श्रेणी में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह पहल पूरी तरह जन-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसके तहत गांव, परिवार, किसान और ग्रामीण मेज़बान अपनी सांस्कृतिक विरासत, शिल्प, स्थानीय खानपान, कृषि और प्रकृति से जुड़े प्रामाणिक पर्यटन अनुभवों को सामने ला सकते हैं। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में पंजीकृत न होने वाले पात्र हितधारक भी आवेदन कर सकते हैं। मंत्री ने बताया कि, उत्तर प्रदेश तेजी से एग्री-रूरल टूरिज्म मॉडल के रूप में उभर रहा है। पर्यटन विभाग के साथ अब तक 800 से अधिक ग्रामीण होमस्टे पंजीकृत हो चुके हैं। हमारा प्रयास है कि और अधिक गांवों, परिवारों और फार्म स्टे संचालकों को इस इकोसिस्टम से जोड़ा जाए। गोरखपुर, अवध और ब्रज जैसे क्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन के अनुभवों में तेज़ी से वृद्धि हो रही है, जहां देश ही नहीं बल्कि श्रीलंका, स्पेन और जर्मनी जैसे देशों से भी पर्यटक आ रहे हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से हम उन लोगों को पहचान देना चाहते हैं, जो स्थानीय संस्कृति को सहेज रहे हैं, आजीविका के अवसर बना रहे हैं और सार्थक आतिथ्य प्रदान कर रहे हैं। प्रमुख सचिव, पर्यटन अमृत अभिजात ने कहा कि आज पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक्सपीरियंशियल टूरिज्म आधारित बन चुका है। ग्रामीण पर्यटन भारत की सांस्कृतिक पहचान और विरासत को दुनिया तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। हमारा उद्देश्य है कि पर्यटक ग्रामीण जीवन से जुड़ें, ताकि उनकी यात्रा केवल स्मारकों तक सीमित न रहकर संस्कृति, परंपरा और सादगी से जुड़ा एक सार्थक अनुभव बने। बेस्ट पर्यटन गांव 2026 श्रेणी में गांवों का मूल्यांकन उनकी विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति, त्योहारों, विशिष्ट अनुभवों, सामुदायिक भागीदारी, सतत पर्यटन उपायों, पर्यटक सुविधाओं और पर्यटन के लिए समग्र तैयारियों के आधार पर किया जाएगा।

## अमेठी में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**एसडीएम के खिलाफ जांच समिति गठित**

अमेठी। अमेठी जिले की मुसाफिरखाना तहसील में तैनात एसडीएम अभिनव कनौजिया के विरुद्ध लगे आरोपों की जांच के लिए जिलाधिकारी संजय चौहान ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। समिति एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी। इस बीच एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी है।

चार जनवरी को अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एसडीएम पर भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार और न्यायिक कार्यों में अनियमितता जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित करने के आदेश दिए। अधिवक्ता संघ का कहना है कि एसडीएम लगातार अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और रिश्वतखोरी में लिप्त हैं। संघ के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर एसडीएम महिला लेखपाल को आगे कर देते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इससे पहले भी एसडीएम की तैनाती विवादों के चलते दो बार हटाई जा चुकी है। अधिवक्ता संघ संतुष्टिकरण की ओर से बताया गया कि 30 दिसम्बर से आंदोलन जारी है और पांच तथा छह जनवरी को 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके विरोध में 15 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक धरना देने तथा राष्ट्रपति के पुतले का दहन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

## वाराणसी में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

वाराणसी। वाराणसी नगर निगम और विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को नगर निगम की टीम अवलेशपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो मौजूद महिलाओं ने विरोध जताया। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी मौके पर तैनात रहीं। अपर नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में पहुंची नगर निगम की टीम के साथ बुलडोजर को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। रोह. निया, लोहता और चितईपुर थानों की पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष भी मौजूद रहे। प्रशासन के अनुसार, लगभग बीस परिवारों ने अवैध तरीके से सरकारी/सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर रखा था। इन सभी को पहले ही कार्रवाई के संबंध में सूचित किया गया था। कई बार चेतावनी देकर जगह खाली कराने का प्रयास किया गया, लेकिन इन लोगों ने जगह नहीं छोड़ी।

## सीएम डैशबोर्ड की दिसम्बर माह की रैंकिंग में बरेली और लखीमपुर खीरी ने मारी बाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसम्बर माह की रैंकिंग में विकास और राजस्व में बरेली ने प्रथम, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि चौथा स्थान सोनभद्र ने प्राप्त किया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रदेश भर के जिलों में होने वाले आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जारी की जाती है। जिलाधिकारी बरेली ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिले में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के साथ मॉनीटरिंग की जाती है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसम्बर माह की रैंकिंग में बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि जिले ने डेवलपमेंट और रेवन्यू के मामले में 10 अंकों में से 9-27 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। लखीमपुर खीरी की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिले में सरकार की योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध पूरा किया जा रहा है। यह उसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसम्बर माह की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले ने डेवलपमेंट और रेवन्यू के मामले में 10 अंकों में से 9-26 अंक प्राप्त कर प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के अनुसार जिले ने आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि राजस्व विभाग ने भी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द वत्रा 'सुमन'

0522-4041004

मुख्यालय: फोन-0131-2970013

RNI No. UPHIN/2009/31463

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चुनिंदा मेला स्पेशल ट्रेनें रहेंगी निरस्त

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन ने अपरिहार्य कारणों से माघ मेला के अवसर पर चलने वाली कुछ मेला विशेष गाड़ियों को कुछ तिथियों में निरस्त करने का निर्णय लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि बढ़नी से 19,20,21,24,25,26 जनवरी तथा 02,03,16 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05107 बढ़नी-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 20,21,22,25,26,27 जनवरी तथा 03,04,17 एवं 18 फरवरी को चलने वाली 05108 प्रयागराज रामबाग-बढ़नी मेला विशेष गाड़ी,बनारस से 19,20,21,24,25,26 जनवरी तथा 02,03,16 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05109 बनारस- प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 19,20,21,24,25,26 जनवरी तथा 02,03,16 एवं 17 फरवरी, को चलने वाली 05110 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार झूंसी से 19,20,24,25,26 जनवरी तथा 02,03 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05112 झूंसी- गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 20,21,25,26,27 जनवरी तथा 03,04 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05111 गोरखपुर- झूंसी मेला विशेष गाड़ी ,छपरा से 13,15,16,18,19,23,24,25,26 जनवरी तथा 01,02,15 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05113 छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी,- प्रयागराज रामबाग से 13,15,16,18,19,23,24,25,26 जनवरी तथा 01,02,15 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05114 प्रयागराज रामबाग-छपरा मेला विशेष गाड़ी,छपरा से 13,15,16,18,19,21,23,30 जनवरी तथा 01,13 एवं 15 फरवरी को चलने वाली 05005 छपरा-झूंसी मेला विशेष गाड़ी ,झूंसी से 14,16,17,19,20,22,24,31 जनवरी तथा 02,14 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05006 झूंसी-छपरा मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 16,18,21,23,30 जनवरी तथा 01,13 एवं 15 फरवरी को चलने वाली 05002 गोरखपुर-झूंसी मेला विशेष गाड़ी ,झूंसी से 17,19,22,24,31 जनवरी तथा 02,14 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 05001 झूंसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूंसी से 09,10,11,12,13,20,21,25,26,27,28,29 30 जनवरी तथा 03,04,05,06,07,08,09,10,11,12,13,14 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05101 झूंसी-गाजीपुर सिटी-छपरा-थावे- सीवान- भटनी-मऊ-वाराणसी सिटी-झूंसी रिंग रेल मेला विशेष गाड़ी ,झूंसी से 20,21,25,26,27 जनवरी तथा 03,04 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05104 झूंसी-बनारस मेला विशेष गाड़ी और बनारस से 20,21,25,26,27 जनवरी तथा 03,04 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 05103 बनारस-झूंसी मेला विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की, ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।

Mob. 8630533498

E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

## कपसाड़ हत्याकांड, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने खोला मोर्चा

# छावनी में तब्दील हुआ कमिश्नरी चौराहा

- सीओ सिविल लाइन के अलावा पांच थानों की पुलिस रही तैनात
- ज्ञापन लेने के लिए कमिश्नरी पर अधिकारी किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधानसभा क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुए दलित महिला हत्याकांड और युवती के अपहरण का मुद्दा इस कदर गरमा गया है। कि कपसाड़ गांव से लेकर कमिश्नरी चौराहे के साथ ही कमिश्नर और जिला अधिकारी कार्यालय तक सभी जगह पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया। इसके अलावा एलआईयू भी एक्टिव मोड पर आ गई है। क्योंकि इस घटना के विरोध में विपक्षी दलों के अलावा सामाजिक और व्यापारिक संगठन भी धरने प्रदर्शन कर मौजूदा प्रदेश सरकार और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को कमिश्नर चौराहे पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के अलावा थाना सिविल लाइन, कोतवाली, मेडिकल, नौचंदी, परतापुर तक का पुलिस फोर्स तैनात रहा। तो वहीं एलआईयू भी पल पल की जानकारी जुटाती रही और धरना प्रदर्शन करने पहुंच रहे संगठनों ने एसडीएम प्रभाकर तिवारी को ज्ञापन दिया।

### आजाद अधिकार सेना ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

आजाद अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष अजीज ठेकेदार के नेतृत्व में धरना देने पहुंचे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि सरधना विधानसभा क्षेत्र के कपसाड़ गांव में 8 जनवरी को दलित समाज की महिला सुनीता देवी की नृशंस हत्या और उनकी पुत्री के अपहरण के मामले में मुख्य आरोपी पारस सोम उर्फ पारस राजपूत और उसके सहयोगी घटना के बाद से ही फरार हैं। वारदात को हुए करीब 48 घंटे बीत चुके लेकिन अभी तक युवती की सकुशल बरामद नहीं हो पाई। अजीज ठेकेदार ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेश मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि आरोपियों का कोई धर्म या जाति नहीं होती है। इस घटना को जातिगत तूल न दी जाए। उन्होंने कहा कि यही बात आपसे पहले देवबंद में एस.एच. ने दोहराई थी। तो भाजपा ने उन्हें तुरंत लाइन हाजिर कर दिया था। उसी क्रम में प्रदेश के मंत्री को भी बर्खास्त किया जाए। संगठन ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद पुलिस के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी तकनीकी साक्ष्य संकलन और प्रभावी खोज अभियान में घोर लापरवाही बरती गई है। मामला एससी एसटी एक्ट से जुड़ा होने के बावजूद अभी तक ना तो उच्च स्तरीय जांच शुरू की गई और न ही फास्ट ट्रैक न्यायिक प्रक्रिया अपनाई गई है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि अपहरण हुई युवती की सकुशल बरामदगी के अलावा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के अलावा इस पूरे मामले की एसआईटी सीबीआई जांच कराई जाए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 5 बीघा जमीन, हथियार का लाइसेंस और स्थायी सुरक्षा प्रदान की जाए। इसके अलावा पुलिस इंटेलिजेंस प्रशासनिक विफलताओं के जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर व दंडात्मक कार्यवाही की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों को नहीं माना गया तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बुद्ध प्रकाश, मोहन देव, सुरेंद्र कश्यप, योगेंद्र धर्मपाल, अजमल शेख, नौशाद आदि मौजूद रहे।

### खटीक संघ ने दिया धरना

खटीक संघ के मेरठ जिला अध्यक्ष उमाशंकर एडवोकेट के नेतृत्व में एसएसपी ऑफिस पहुंचे संगठन के पदाधिकारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि दलित समाज की युवती का अपहरण कर लिया गया और आरोपियों का दुस्साहस यहां तक बढ़ गया कि इसका विरोध करने पर उसकी मां की हत्या कर दी गई। इस घटना को हुए दो दिन बीत चुके हैं, उसके बावजूद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं जिसकी वजह से दलित समाज में आक्रोश है।

# वसूली करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम, कई के काटे कनेक्शन



- अचानक चेकिंग अभियान से क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप
- क्षेत्र में अधिकतर मिले ओवरलोड कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** विद्युत वितरण खंड अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया बिजली बिल राहत योजना 2025 और 26 एंटी पावर द्वारा निवाड़ी पतला आदि खानपुर गांव में राजस्व वसूली जमा करने के लिए गांव में पुराने बकायदारों के कनेक्शन काटे गए जो करीब सालो से बिल जमा नहीं कर रहे हैं और विद्युत विभाग को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है करीब 60 प्रतिशत विद्युत कनेक्शन चेक किए गए और राजस्व वसूली के लिए भी लोगों को बताया कि जल्द से जल्द बकाया बिल जमा करें। वहीं बिजली विभाग के चेकिंग अभियान से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई काफी कनेक्शन के ओवरलोड भी पकड़े इस मौके पर उपखंड अधिकारी चंदन पंडित और अभियंता उपेंद्र कुमार यादव, प्रवीण कुमार, अरविंद बाबू, पंकज कुमार आदि कर्मचारी चेकिंग के दौरान मौजूद रहे।

# कांग्रेस महानगर अध्यक्ष की माता की निधन

## तीन जनवरी को हार्ट अटैक आने से पिता का हुआ था स्वर्गवास

- पिछले 20 दिनों से जसवंत राय अस्पताल में भर्ती थीं राजबाला गौतम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी मेरठ के अध्यक्ष रंजन शर्मा के लिए नववर्ष काफी पीड़ा भरा रहा। रंजन शर्मा कि माता राजबाला गौतम का शनिवार को स्वर्गवास हो गया है, वें पिछले 20 दिनों से जसवंत राय हॉस्पिटल में भर्ती थी। रंजन शर्मा के पिता प्रभाकर शर्मा का बीते 3 जनवरी में हार्ट फैल होने के कारण स्वर्गवास हो गया था। इनके दो बेटे व दो बेटिया है। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा सबसे छोटे बेटे है। रंजन शर्मा कि पत्नी वर्तमान में नगर निगम कि सभासद है। इनकी अंतिम यात्रा शनिवार को उनके मूल निवास शास्त्री की कोठी, ब्रह्मपुरी मेरठ से साय 5 बजे सूरज. कुण्ड के लिए रवाना हुई। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को कपसाड़ जाने से रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को मेरठ के काशी टोल प्लाजा पर ग्राम कपसाड़ के पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया। इसके विरोध में समा. जवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया है। उनका कहना था कि पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही है। पीड़ित परिवार से मिलना हम प्रति. निधि के अलावा आम आदमी का भी संवेधानिक अधिकार है। पुलिस द्वारा शीघ्र अभियुक्त की गिरफ्तारी और पीड़िता को न्याय दिलाने के आश्वा. सन पर प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# गंदगी के विरोध में ग्रामीणों का हंगामा

## रामराज के मौहल्लों में गंदा पानी भरा होने से ग्रामीणों में आक्रोश, गिरने से चोटिल हो रहे हैं लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर के मोहल्ला ढालान वाला आर्यनगर की गली में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने व मौहल्ले में पानी भरा होने के कारण वाहन चालकों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने इसकी समस्या उच्चाधिकारियों को दी। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शनिवार को भाकियू अंबावता के प्रदेश सचिव मोनू पंवार, भाकियू अराजनीतिक के युवा जिलाध्यक्ष विपिन गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीण नीलम देवी, सुखविंदर पाल, बबीता, बिल्लू, सुरेश कुमारी, सोनिया, मिथलेश, कुसुम, ओमवती, उषा, माया, मंजू, बसंती, मनीषा, सुषमा, संगीता, राखी, राजबा. ला, प्रमोद, मनोज कुमार, राजपाल सिंह आदि सैकड़ो लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए शासन प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग रखी। मोनू पंवार ने ग्रामीणों के हंगामे के बीच कहा कि जहा राम राज्य के नाम पर देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बैठी हुई हैं। उनके सब वादे हवाई फायर हैं। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। रामराज कहने वाला गांव बद से बत्तर जिंदगी जीने को मजबूर है। सड़क में पानी भरा होने के कारण उसमें संक्रामक रोग पनप रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, तथा वाहन चालक उसमें गिरकर घायल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या को डीएम एवं मवाना तहसील पर एकत्र होकर उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।





# अनियंत्रित कार ने टेम्पों में पीछे से मारी टक्कर चार साल के बच्चे की मौत, बहन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बागपत रोड आए दिन काल बनकर एक न एक हादसे को दावत दे रहा है। इस रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। अदनान पुत्र सैफ अली उम्र 4 वर्ष और उसकी बहन शादियां 6 वर्ष अपनी मां काजल निवासी टीकरी के साथ अस्पताल में आए थे जैसे ही वह पांचली अस्पताल से दवाई लेने के बाद टेम्पों में पीछे की तरफ बैठ गए तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार सवार चालक ने टेम्पो में टक्कर मार दी। जिससे टेम्पों में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई गाड़ी चालक फरार हो गया जिसमें अदनान की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी बहन शादियां घायल हो गई। सुचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मा काजल बेटी सादिया को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। इसके अलावा टेम्पों में बेठी सवारियों को मामूली चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना का पता चलते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



मंच पर बैठे सम्मानित लोग पदाधिकारियों को बधाई देते हुए।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा मेरठ का चुनाव शनिवार को सीएमओ कार्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्षा फार्मेसी काउंसिल की चेयरमैन तथा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की सदस्य डॉ. संदीप बडोला रहीं। चुनाव पर्यवेक्षक मंडलीय सचिव मुरादाबाद मंडल हेमंत चौधरी रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर बिजेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी.के. गर्ग, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, मंत्री शकील अहमद, कोषाध्यक्ष सतीश तथा संयुक्त मंत्री देवेंद्र शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर मंडलीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह, जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रजनीश कौशल, चुनाव अधिकारी विनोद कुमार मालिक व युद्धवीर सिंह सहित मेरठ व मुरादाबाद मंडल के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किठौर पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर हुई। घटना 10 जनवरी को किठौर थाना क्षेत्र में हुई थी। पीड़ित ने 10 जनवरी को किठौर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। जिससे आरोपियों की पहचान हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विकास पुत्र जितेंद्र ग्राम ढाना, थाना सिम्भावली, हापुड़, देव सिंह पुत्र कपिल सिंह (ग्राम ढाना, थाना सिम्भावली, हापुड़) और दीपांशु पुत्र मनवीर ग्राम खिलवाई, थाना गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ शामिल हैं।




उन्हें कस्बा शाहजहांपुर में कंठी वाली माता के मंदिर के पास से छीने गए मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। यह कार्रवाई उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मेरठ के निर्देशन में क्षेत्रधिकारी किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह थाना किठौर की टीम द्वारा की गई। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं को ही परिवार से मिलने की अनुमति

- पुलिस के साथ संघर्ष के बाद पहुंचे गांव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में दलित महिला की हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण के मामले में शनिवार को एआईएमआईएम के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। पूरे दिन पुलिस ने गांव में सख्त तैनाती की हुई थी और किसी को भी सीधे परिवार के पास जाने की अनुमति नहीं दी। हालांकि, केवल एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं को ही परिवार से मिलने की अनुमति दी गई। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही पार्टी कार्यकर्ता गांव पहुंचे, पुलिस ने उन्हें पहले गांव में प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच संक्षिप्त संघर्ष और धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने हार नहीं मानी और खेतों के रास्ते होकर गांव में प्रवेश किया। जब पार्टी कार्यकर्ता पीड़ित परिवार की गली के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें वहीं रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। कुछ समय बाद पुलिस ने अनुमति दी और एआईएमआईएम कार्यकर्ता परिवार से मिल सके।

उन्होंने परिवार के दुख में शामिल होकर उन्हें सांत्वना दी और उनके हौसले को बढ़ाया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। परिवार का दुख बांटने वालों में सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष हनीफ राणा, सैय्यद राणा, सरधना विधानसभा अध्यक्ष हाजी जाकिर, हाजी मुन्ना, ललित जाटव, आकाश जाटव, अफजाल अहमद, फुरकान चौहान, शाहरुख अंसारी, शहरान, हसीन, साबिर अहमद सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने कहा कि पार्टी हमेशा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी रहेगी और प्रशासन से अपील की कि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए और अपहृत किशोरी सुरक्षित घर लौटाई जाए।

# सीसीएसयू में डा. मेराजुद्दीन अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन

- डॉ. मेराजुद्दीन बिंदास लहजे वाले सच्चे इंसान थे, गंगाजल की सप्लाई मेराज साहब के कारण ही है: लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में सेफ फाउंडेशन के द्वारा शनिवार को अटल सभागार में डॉ. मेराजुद्दीन अहमद मेमोरियल लेक्चर और अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आए मुख्य अतिथियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। मशहूर विद्वान प्रोफेसर अबु सुफयान इस्लाही ने कार्यक्रम की शुरुआत में बोलते हुए कहा कि मजहब हमें नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' यह अल्लामा इकबाल की कविता की एक लाइन है जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। अल्लामा इकबाल की कविता में राष्ट्रीय एकता और भारत की सुंदरता का जो चित्रण है, वह उर्दू शायरी के दूसरे कवियों में बहुत कम देखने को मिलता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस बारे में सर सैयद ने जो कहा है, वह भी हमारे सामने है कि भारत एक खूबसूरत दुल्हन की तरह है, जिसकी दो आंखें हैं। उन्होंने एक आंख को हिंदू और दूसरी को मुसलमान बताया है। उन्होंने कहा कुरान भी यही संदेश देता है कि बिना किसी धर्म और राष्ट्रीयता के भेदभाव के, दुनिया के सभी देश अल्लाह का समाज हैं। अब अगर हम समाज में किसी को बुरे इंसान का दर्जा नहीं देंगे, तो यह उसके साथ नाइंसाफी होगी। हम समाज में हर किसी को इंसान का दर्जा देकर एक बेहतर समाज बना सकते हैं। बहुत कम लोग मिलते हैं जिन्होंने इस भारत को सर सैयद जितना खूबसूरत बनाया हो, लेकिन इन्हीं कुछ लोगों में मेराजुद्दीन साहब भी थे। मेराज साहब को साहित्य के साथ-साथ इंसानों से भी प्यार था। इससे पहले, प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना अनीसुर्रहमान कासमी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। बाद में, सभी मेहमानों का फूलों से स्वागत किया गया। अध्यक्षता प्रो. असलम जमशेदपुरी ने की। मेरठ शहर के विधायक रफीक अंसारी, शोभित यूनिवर्सिटी के चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी और मशहूर शायर और शिक्षाविद डॉ. नवाज देवबंदी खास मेहमानों के तौर पर शामिल हुए। मुख्य भाषण अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अबु सुफयान इस्लाही ने दिया। स्वागत भाषण डॉ. शादाब अलीम और अमीरा अहमद ने दिया। प्रोग्राम का संचालन डॉ. अफाक अहमद खान ने किया और धन्यवाद समारोह बदर महमूद ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मेराजुद्दीन अहमद पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर अमीरा अहमद ने कहा कि मेरे पापा हमेशा कहते थे कि हमें दूसरों की चिंता करनी चाहिए। आज आप सबको देखकर लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। मैंने बहुत कुछ पापा से ही सीखा है। जब वो काम करते थे, तो मौसम और समय उनके लिए कोई मायने नहीं रखते थे। चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि मेराज साहब से हमारा रिश्ता चौथी पीढ़ी में आ गया है। आज वो हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी बातें, उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान, मशहूर समाजसेवी और जश्न ए बहार ट्रस्ट, नई दिल्ली की फाउंडर डॉ. कामना प्रसाद को उनकी समाज सेवाओं के लिए पहला डॉ. मेराजुद्दीन अहमद अवॉर्ड भी दिया गया। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि मेराज साहब सिंचाई मंत्री थे। मेराजुद्दीन अहमद बिंदास लहजे वाले और सच्चे इंसान थे। आज मेरठ को जो गंगाजल की सप्लाई मिल रही है, वह मेराज साहब के ही कारण है। जब वह सड़क पर चलते थे, तो कभी सिर नहीं उठाते थे। आज मेरठ के लोग उनका जितना भी शुक्रिया अदा करें, कम है। कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि यहां बैठे सभी लोग मेराज साहब की मोहब्बत के धर्म हैं। वह सिर्फ एक मंत्री नहीं बल्कि एक महान शख्सियत थे। डॉ. मेराजुद्दीन खुद गंगा-जमनी तहजीब की मिसाल थे। रफीक अंसारी ने कहा कि मैं डॉ. मेराजुद्दीन के परिवार को बधाई देता हूं जिन्होंने उनकी याद में इतना खूबसूरत प्रोग्राम किया। अगर हमें सही मायने में सच्चा भारत देखना है, तो पूरा भारत यहां बैठा है। मेराज साहब की भाषा बहुत मीठी थी। वह उर्दू भाषा का इस्तेमाल करते थे। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि मेराज साहब के किरदार से हम सभी वाकिफ हैं, लेकिन यह सच है कि वह सामाजिक न्याय और बराबरी की जीती-जागती मिसाल थे। हमें डॉ. मेराज के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। प्रोफेसर जमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि मैं इस मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। मेराज साहब से प्यार करने वाले लोग उनकी मोहब्बत की वजह से यहां आए हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि मेराज साहब सभ्यता, प्रेम और ईमानदारी की मिसाल थे। इस अवसर पर डॉ. आसिफ अली, डॉ. इरशाद स्यानवी, डॉ. अलका वशिष्ठ, फरहत अख्तर, आर.के. भटनागर पूर्व आईएएस, कवि ईश्वर चन्द्र गम्भीर, कर्मेंद्र सिंह, इमरान सिद्दीकी, इंजीनियर रिफत जमाली, जीशान अहमद खान, मुहम्मद नदीम, ईशा राणा, जुबैर, हैदर, मुहम्मद शमशाद, सईद अहमद सहारनपुरी सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# पंजाबी समाज के लोगों ने गरीबों को बांटे कंबल



गरीबों को कंबल वितरण करते पंजाबी समाज के लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पंजाबी समाज महासमिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष निशान्त परूथी ने लोहड़ी पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेसहारा व सड़कों पर जीवन व्यतीत कर रहे गरीबों को कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए।

महासमिति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 101 कंबल गरीबों व दिव्यांगो में बांटे गए। यह वितरण काली पल्टन मंदिर, रजबन, कैंट रेलवे स्टेशन, सिटी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में किया गया। वितरण के अवसर पर संरक्षक डॉ. एस.के. सूरी, विपिन सोढ़ी, मीडिया संयोजक प्रवीण सरीन, उपाध्यक्ष स. गुरमीत साहनी, राष्ट्रपति पदक से अलंकृत स. सरब. जीत सिंह कपूर, रजत वालिया, आदि उपस्थित रहे। इस दौरान निशान्त परूथी ने कहा कि पंजाबी समाज हमेशा गरीबों की मदद करता चला आया है। इस बार कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में बेसहारा लोगों को कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी ऐसा कार्य किया जाएगा।

# अलाव के लिए लकड़ी डाल रहे वाहन को जबरन रोका



■ गाली गलौज और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सर्दी के मौसम के चलते नगर में लकड़ी डाल रहे नगर पालि. का कर्मचारी ने एक युवक पर नगर पालिका का वाहन जबरन रोकने का आरोप लगाया है। कर्मचारी का कहना है कि विरोध करने पर युवक ने जातिसूचक शब्द कहते हुए उसके साथ मारपीट भी की।

नगर के मोहल्ला शेरनगर निवासी सोनू पुत्र बाबूराम का कहना है कि वो नगर पालिका बहेड़ी की गाड़ी से नगर में अलाव के लिए लकड़ी डाल रहा था। इसी दौरान होली चौराहा पर एक युवक ने नगर पालिका की गाड़ी के सामने अपनी मोटरसाइकल लगाकर रास्ता रोक लिया। जाम लगने पर जब उसने गाड़ी हटाने के लिये कहा तो युवक ने गाली गलौज करते हुए उसे जातिसूचक सूचक शब्द कहे। इसके बाद युवक ने अन्य लोगों को बुला लिया है और उसके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। लोगों के एकत्र होने पर लोग युवक वहां से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ग्राम समाज की भूमि पर अपर आयुक्त न्यायालय कोर्ट ने दिया स्टे

■ तहसील प्रशासन की लापरवाही हुई उजागर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर की बेशकीमती सरकारी भूमि पर अपर आयुक्त न्या0 कोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर दिया। इस मामले में तहसील प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

ग्राम में बरखन दलेलनगर रोड किनारे ग्राम समाज की भूमि पड़ी है। जिसके एक दशक पहले तहसील प्रशासन ने पट्टे खारिज कर दिए थे। लेकिन पट्टेदारों का जमीन पर कब्जा बना रहा था। श्रेणी 3 की भूमि के पट्टे खारिज किए जाने के बाद भी जब तहसील प्रशासन ने ग्राम समाज की इस भूमि को कब्जामुक्त नहीं कराया था। 23 माह पहले जब गांव के सूरजपाल और लालाराम ने इसकी शिकायत तहसील दिवस में की तो तहसील प्रशासन ने खुद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने से हाथ खींच लिए, और शिकायतकर्ताओं के नाम से ही आरोपी पट्टेदार संतराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के कुछ दिनों बाद ही आरोपी संतराम का निधन हो गया, और भूमि पर उनके पुत्रों ने कब्जा जमा लिया, और पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में फाइनल रिपोर्ट लगाते हुए केस बन्द कर डाला। खास बात यह रही कि इस मामले में अभिलेखों में हेराफेरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। 23 माह बाद जब कोई भी कार्यवाही तहसील प्रशासन द्वारा नहीं की गई तो यह मामला एक बार फिर अखबारों की सुर्खियों में आ गया, जिसपर तहसील प्रशासन की कुंभकर्णीय नींद टूट सकी। तहसील प्रशासन ने पहले स्थल का निरीक्षण किया, उसके कुछ दिन बाद लेखपाल ने कब्जेदारों को नोटिस देकर मामला टरका दिया। दो दिन पहले ही स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार शोभित चौधरी प्रभारी कानूनगो श्याम सुन्दर गुप्ता, लेखपाल पूनम, वसीम अंसारी, उप निरीक्षक अभिषेक नागर पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे, और सरक. ारी भूमि के कुछ हिस्से पर खड़ी बरसीन को तो पलटवा दिया गया, लेकिन अधिकांश भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल को उन्होंने हाथ तक नहीं लगाया, और कब्जेदार को और मोहलत देकर बैरंग लौट आए।

इसी बीच आज शनिवार को सरकारी भूमि जो नवीन परती है, पर अपर आयुक्त (न्या0) मनोज कुमार ने स्थगनादेश दे दिया। स्टे आर्डर जारी होने पर सरकारी भूमि से कब्जा हटाए जाने का मामला टल गया। इस मामले में तहसील प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। शिकायतकर्ताओं ने तहसील प्रशासन पर कब्जेदारों को स्टे आर्डर लाए जाने की पूरी मोहलत दी।

उनका कहना है जब तहसील प्रशासन अपनी ही सरकारी भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटा पा रहा है तो इससे उसकी संलिप्ता जाहिर होती है।

## एक नजर

# योगी सरकार में तकनीक से हरे-भरे रहेंगे शहर के पार्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शहर के पार्कों की हरियाली को संरक्षित रखने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम बरेली ने एक नई पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत पार्कों में स्वचालित जल छिड़काव प्रणाली स्थापित की जा रही है, जिससे तय समय पर बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के पौधों और घास की सिंचाई हो सकेगी।

**तय समय पर स्वत: होगी सिंचाई, कम खर्च में बचेगी हरियाली**

इस योजना की शुरुआत सिविल लाइंस क्षेत्र के दो पार्कों में पायलट परियोजना के रूप में की जा रही है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि पायलट परियोजना के तहत कमिश्नर आवास के निकट स्थित पार्क तथा नगर निगम परिसर के पार्क में स्वचालित जल छिड़काव प्रणाली लगाई जा रही है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद सिंचाई के लिए कर्मचारियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी और निर्धारित समय के अनुसार स्वत: पानी का छिड़काव किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है तो भविष्य में शहर के सभी 253 पार्कों में इस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इससे न केवल जल की बचत होगी, बल्कि कम लागत में पार्कों की हरियाली को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। नगर निगम द्वारा प्रत्येक पार्क में हरियाली बनाए रखने पर लगभग एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं, ऐसे में यह प्रणाली खर्च को नियंत्रित करने में भी सहायक होगी। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वचालित प्रणाली से सिंचाई नियमित, संतुलित और प्रभावी होगी, जिससे पौधों का बेहतर विकास होगा और पानी की अनावश्यक बर्बादी भी रुकेगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इस नई व्यवस्था से शहरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और हरे-भरे पार्क मिलेंगे, साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। पायलट परियोजना की सफलता के बाद बरेली शहर के सभी पार्कों को इस आधुनिक प्रणाली से जोड़ने की योजना है।

# हत्या के दो नामजद आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हसनपुर में हुई छत्रपाल की हत्या के मामले में शनिवार को पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पुलिस नामजद दूसरे आरोपियों की तलाश में जुटी है।




मालूम हो गुजरे वर्ष 4 मई 2025 को गांव के रामसिंह के लड़के की लगन की दावत खाने गांव के रवि का छोटा भाई छत्रपाल गया था, जो रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों को उसे इधर उधर तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। अगले दिन छत्रपाल का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला था, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। लेकिन इस मामले में पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। तीन माह बाद इस मामले में पुलिस ने ग्राम के मदन सिंह, जोगेंद्र, गुलाब सिंह और प्रेमसिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के आठ माह बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों में से मदन सिंह और जोगेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस नामजद दूसरे आरोपियों की तलाश में है।

# गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता सैय्यद शमशाद अली का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कांग्रेस के जमाने में पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी के साथ दिखने वाले तथा तेजतर्रार आवाज के लिए मशहूर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सैय्यद शमशाद अली का शुक्रवार की रात को अचानक इंतकाल हो गया। वह 90 वर्ष के थे, तथा कई दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। वह दो बार गन्ना समिति के अध्यक्ष रहे, तथा एक जमाने से कांग्रेस से जुड़े रहे।



चाहें किसानों का मुद्दा हो या किसी गरीब का मुद्दा हो, या फिर नगर के विकास को लेकर कोई भी मसला रहा हो, उसमें सबसे पहले नंबर पर सैयद साहब खड़े दिखते थे। नगर में बने सुशीला तिवारी कन्या इंटर कॉलेज के निर्माण में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी की पत्नी के नाम पर लड़कियों के लिए सरकारी इंटर कॉलेज खुलवाने के प्रयास किया, जिसमें उन्होंने एनडी तिवारी का पूरा सहयोग लिया।

वह पत्रकार मोहम्मद शोएब के पिता थे। पंजाबी कॉलोनी स्थित अपने आवास पर शुक्रवार की रात को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर दूर-दूर से लोग खिराजे अकीदत पेश करने पहुंचे। शनिवार को जोहर की नमाज के बाद लाइन किनारे कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्देखाक किया गया।

# दोहना रेलवे अंडरपास पांच फरवरी तक बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रेलवे प्रशासन द्वारा इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगरख्रदोहना रेलवे स्टेशनों के मध्य किमी संख्या 305/5-6 पर स्थित अंडरपास संख्या 232 (दोहना स्टेशन के निकट) में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते उक्त अंडरपास को पहले 01 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 सायं 5 बजे तक अस्थायी रूप से सड़क यातायात के लिए बंद किया गया था।



मरम्मत कार्य के दौरान अंडरपास के नीचे स्थित क्षतिग्रस्त सीसी सड़क (बीयरिंग कोर्स) की ढलाई तथा साइड पाथवे निर्माण का कार्य भी आवश्यक पाया गया। इस कारण अंडरपास को अतिरिक्त 21 दिनों के लिए और बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अब यह अंडरपास 05 फरवरी 2026 सायं 5 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा।

रेलवे प्रशासन द्वारा यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। दोहना से भोजीपुरा की ओर जाने वाले वाहन दोहना से बैकुंठापुर मार्ग होते हुए अभयपुर स्थित समपार संख्या 230 से नैनीताल रोड पर आ सकते हैं। वहीं दोहना से बरेली की ओर जाने वाले वाहन दोहना से पट्टी एवं भगवंतापुर होते हुए शैदपुर चुन्नीलाल मार्ग से बड़े बाईपास के रास्ते बिलवा स्थित समपार संख्या 233 से आवागमन कर सकते हैं।

रेलवे प्रशासन ने सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है तथा मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कर अंडरपास को यातायात के लिए खोलने का आश्वासन दिया है।

# अपहरण करने वाला प्रेमी और उसके दोनों साथी भेजे गए जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छात्रा का अपहरण करने वाले तीनों ही आरोपी शनिवार को पुलिस ने जेल भेज दिए। जेल भेजे जाते समय आरोपियों के परिजन फूट फूटकर खूब रोए। पुलिस ने छात्रा को नारी निकेतन भेज दिया।

गुजरी सात जनवरी की शाम एक छात्रा नाटकीय ढंग से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। कुछ देर बाद ही उसके मोबाइल फोन पर 15 लाख रुपए की फिरौती का मैसेज आया, तब पिता ने अगले दिन इस मामले में पुत्री के अपहरण किए जाने का मामला कोतवाली में दर्ज कराया था। इसके साथ ही मामला पीलीभीत जनपद का होने के कारण जिले के दोनों ही मंत्रियों ने हस्तक्षेप करते हुए बरेली के एसएसपी को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। छात्रा के अपहरण का मामला पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया था, कप्तान ने छात्रा की बरामदगी के लिए तीन टीमें लगाई।

पुलिस ने छात्रा के मोबाइल और उसके प्रेमी के मोबाइल की लोक. ेशन ट्रेस कर अगले दिन ही प्रेमी और उसकी प्रेमिका छात्रा सहित उसके दोनों साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार को पुलिस ने छात्रा के प्रेमी अर्जुन उसके दोनों साथियों सनी और दीपक को जेल भेज दिया, साथ ही अपहरण का खेल रचने वाली छात्रा को पुलिस ने नारी निकेतन भेज दिया। जेल भेजे जाते समय आरोपियों के परिजन कोतवाली में ही खूब फूट फूटकर रोए, जिन्हें पुलिस ने शांत कराया।

# गोरा लोकनाथपुर में रस्तोगी परिवार ने किया कंबल वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में शुक्रवार को जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के मूल निवासी ओमप्रकाश रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, जमुना प्रसाद रस्तोगी, जगदीश प्रसाद रस्तोगी और राजेंद्र कुमार रस्तोगी के सहयोग से लगभग 250 जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। बताया गया कि रस्तोगी परिवार वर्तमान में हल्द्वानी में निवास करता है और सर्राफा व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। करीब 40 वर्ष पूर्व यह परिवार गोरा लोकनाथपुर से हल्द्वानी जाकर बस गया था, लेकिन गांव से उनका जुड़ाव आज भी बना हुआ है। परिवार द्वारा कई वर्षों से सर्दियों के मौसम में गांव आकर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जाता रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रमोद कुमार शर्मा, रूप किशोर गोस्वामी, रमेश चंद्र, चौधरी नरेश पाल सिंह, बाबूराम कश्यप, सुभाष कश्यप सहित अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया। ग्रामीणों ने रस्तोगी परिवार की इस पहल की सराहना की।

# रूपपुर गांव में बहेगी विकास की गंगा, निर्माण कार्यों ने पकड़ी तेजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** श्रेत्र के गांव रूपपुर में अब तेजी के साथ विकास की गंगा बहना शुरू हो गई है। ग्राम प्रधान नाजिम अली ने बताया कि कब्रिस्तान को जाने वाले मार्ग की स्थिति बेहद खस्ता हो चुकी थी, जिसकी वजह से अपने मुर्दों को दफनाने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। प्रधान नाजिम अली ने बताया कि उन्हें गांव से कब्रिस्तान तक सीसी मार्ग का निर्माण शुरू कर दिया है, और बहुत ही जल्द गांव वालों को परेशानी से निजात मिल जाएगी।

इसके अलावा इमामबाड़े से नवाब के घर तक सीसी मार्ग निर्माण, रिजवान के घर से नन्हे शाह के मकान तक सीसी निर्माण, मेन रोड से अवधेश के मकान तक नाली व सीसी मार्ग निर्माण, त्यागादेवी के मकान से नेमचंद्र के मकान तक सीसी मार्ग व नाली निर्माण, मेन रोड से राम बहादुर के मकान तक सीसी मार्ग व नाली निर्माण का काम शुरू हो गया है। कुल मिलाकर लगभग आधा किलो मीटर सीसी मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है। विकास कार्यों की बहती गंगा से ग्रामवासी खुश हैं और प्रधान नाजिम अली के कसीदे पढ़ रहे हैं।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा शाही के मोहल्ला ठाकुरद्वारा में रुपयों के लेनदेन को लेकर युवक के साथ सरेराह मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी शरद कुमार शर्मा गुरुवार दोपहर किसी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही हरसेवक, शिव केश और पिंकी ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने शरद कुमार को सड़क पर घसीटते हुए जमीन पर गिराया और लात-घूंसों से जमकर पीटा। युवक बचाव के लिए शोर मचाता रहा, लेकिन मौके पर मौजूद लोग दहशत के कारण बीच-बचाव नहीं कर सके। मारपीट में शरद कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने रुपयों के लेनदेन को लेकर उनके साथ मारपीट की है। घटना के बाद घायल युवक ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी राजेश बैसला ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत बरेली रेंज में वात्सल्य केंद्रों की शुरुआत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महिला सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण को सशक्त आधार देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बरेली रेंज के पुलिस कार्यालयों, पुलिस लाइन एवं थानों में महिला पुलिसकर्मियों के लिए वात्सल्य केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यह पहल महिला पुलिसकर्मियों को कार्यस्थल पर सुरक्षित, सहयोगी और संवेदनशील वातावरण प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की देखभाल के लिए थानों में विशेष व्यवस्था**

वात्सल्य केंद्रों में महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों की सुरक्षित देखभाल, खेलने की व्यवस्था तथा स्तनपान कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे महिला पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान मानसिक सुकून मिलता है और वे अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ कर पा रही हैं। यह योजना बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है। वात्सल्य केंद्रों में न केवल महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों, बल्कि थानों में आने वाले नागरिकों के बच्चों की देखरेख की भी व्यवस्था की गई है। प्रत्येक केंद्र पर बच्चों की देखभाल के लिए महिला कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। डीआईजी साहनी द्वारा रेंज के सभी जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि जिन थानों में अभी वात्सल्य केंद्र स्थापित नहीं हुए हैं, वहां शीघ्र इन्हें प्रारंभ किया जाए। यह व्यवस्था महिला पुलिसकर्मियों के प्रति संवेदनशील प्रशासनिक सोच और कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने का प्रतीक है। बरेली रेंज के चारों जनपदों में अब तक कुल 45 वात्सल्य केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं।

जनपद बरेली में 10, बदायूं में 7, पीलीभीत में 5 तथा शाहजहांपुर जनपद के सभी थानों में कुल 23 वात्सल्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति 5.0 के तहत शुरू की गई यह पहल महिला पुलिसकर्मियों की गरिमा, सुरक्षा और पारिवारिक जिम्मेदारियों के संतुलन को मजबूत करने के साथ-साथ उनकी कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता को भी सुदृढ़ कर रही है।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली प्रदेश में अव्वल

■ दिसम्बर 2025 की संयुक्त रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान, विकास और राजस्व कार्यों में बेहतर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी सीएम डैशबोर्ड की दिसम्बर 2025 माह की रैंकिंग में जनपद बरेली ने उत्कृष्ट और सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण मानी जा रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों के मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा के उद्देश्य से संचालित सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रत्येक माह विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं परियोजनाओं के प्रदर्शन के आधार पर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, लोक निर्माण, समाज कल्याण, राजस्व, शिकायत निस्तारण सहित अनेक प्रमुख विभागों के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाती है। दिसम्बर 2025 माह की रैंकिंग में जनपद बरेली ने विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में दूसरा स्थान तथा राजस्व कार्यक्रमों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, विकास एवं राजस्व दोनों कार्यक्रमों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद बरेली ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर अन्य जनपदों को पीछे छोड़ दिया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे डीएम अविनाश सिंह का कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच, निरंतर मॉनिटरिंग एवं समय-समय पर की गई गहन समीक्षा को प्रमुख कारण माना जा रहा है। डीएम द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए, योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी की गई और जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया गया। डीएम के मार्गदर्शन में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया, जिससे जनपद के समग्र कार्य प्रदर्शन में निरंतर सुधार दर्ज किया गया।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने इस उपलब्धि को जनपद की पूरी प्रशासनिक टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताते हुए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विकास एवं राजस्व कार्यों में प्राप्त यह सफलता जनहित में किए जा रहे प्रयासों को और गति देने की प्रेरणा है, तथा भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य किए जाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की निरंतर समीक्षा को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जनपद बरेली आने वाले समय में भी प्रदेश में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रख सके।

# उपमुख्यमंत्री ने ग्राम लौंगपुर में लगाई जन चौपाल

■ विकसित भारत गारंटी ग्रामीण रोजगार अधिनियम से 100 की जगह 125 दिन मिलेगा रोजगार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में शनिवार को जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर स्थित ग्राम पंचायत लौंगपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक स्वर्गीय श्याम बिहारी लाल का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही करना है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह कार्यक्रमों तथा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम- 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा लाया गया यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल कल्याणकारी योजना के रूप में नहीं, बल्कि विकास से जुड़ी कानूनी गारंटी के रूप में स्थापित करता है, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को आधुनिक बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन ग्रामीण उत्पादन और स्थायी संसाधनों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाला निश्चित रोजगार 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जो लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके अतिरिक्त कृषि से जुड़े कार्यों के लिए 60 दिन अलग से आरक्षित किए गए हैं। इस प्रकार प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कुल 185 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार, हर घर जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नि:शुल्क गैस कनेक्शन एवं पर्वों पर मुफ्त गैस रिफिल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छह हजार रुपये प्रतिवर्ष तथा नि:शुल्क खाद्यान्न की सुविधा दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, कुंवर महाराज, बहोरन लाल मौर्य, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डीसी वर्मा, एमपी आर्या, धर्मेंद्र कश्यप, पुष्पा पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप

## हिंदू धर्म जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चंगाई सभा के माध्यम से धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोप लगाते हुए हिंदू धर्म जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभा में शामिल लोगों को फटकार लगाते हुए समझाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भनौटी स्थित हिंदू धर्म जागरण मंच के निधि प्रमुख टिकम सिंह फौजी ने बताया कि ग्राम भनौटी निवासी हरी सिंह सैनी के घर पर ईसाई मिशनरियों का सत्संग चल रहा था, जिसमें उनकी पत्नी आशा सहित कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि चंगाई सभा के नाम पर ईसाई मिशनरी गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। यह सत्संग ग्राम सिपाहियोंवाला निवासी पास्टर अरुण कुमार सैनी द्वारा संचालित किया जा रहा था।

सूचना मिलने पर धर्म जागरण मंच की टीम मौके पर पहुंची और सत्संग कर रहे लोगों को समझाया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की जांच की। इस संबंध में आलोक सिंह ने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में धर्म परिवर्तन जैसी कोई गतिविधि नहीं पाई गई। पुलिस के अनुसार वहां केवल ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सत्संग किया जा रहा था।

मौके पर हिंदू धर्म जागरण मंच के विभाग सह संयोजक संजय कुमार, जिला प्रशासनिक प्रमुख मनोज चौहान, शेर सिंह भगत, मातृशक्ति से उमेश चौहान, दीपा बहन एवं मंचल देवी सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिंदी दिवस मनाया

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त स्टाफ द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, उसके उत्थान और विकास की ओर हम सबको ध्यान देना चाहिए, क्योंकि बिना हिंदी के हम अपने विचारों को व्यक्त नहीं कर सकते। निज भाषा उन्नति है, निज उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे न हिय के शूल। इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी वर्णमाला से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पिस्टल निशानेबाजी में सेंटमेरी का छात्र देवांग राय क्वालीफाई

## विद्यालय और नगर का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा सेंट मेरी धामपुर के कक्षा आठवीं के छात्र देवांग राय ने अपने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली में आयोजित चैंपियनशिप में देवांग राय ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट में शानदार निशानेबाजी द्वारा नेशनल चैंपियनशिप क्वालीफाई किया है। देवांग राय के पिता लेफ्टिनेंट देवानंद राय ने बताया कि वह बचपन से ही निशानेबाजी में रुचि रखते हैं और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। देवांग राय वर्तमान में धामपुर शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विनोद कुमार जिला मंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बिजनौर तथा समस्त विद्यालय स्टाफ ने छात्र देवांग को सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया कि आप भविष्य में हमारे शहर का नाम रोशन करेंगे।

## एक नजर

### समाधान दिवस में छह शिकायतें दर्ज



**नहटौर।** थाने में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा व सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय ने फरियादियों की समस्या सुनी। कुल 6 शिकायते दर्ज की गई। तीन शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, थानाध्यक्ष धीरज नागर, कानूनगो ओमवीर सिंह, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, गगनदीप सिंह, परवेज, अक्षय त्यागी, शकील अहमद, दुष्यंत कुमार, कैलाश चंद, निशा, वंदना, दीप्ति आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली ने फाइनल में जगह बनाई



**बिजनौर।** नैशनल स्पीड हैंडबॉल का फाइनल दिल्ली और हिमाचल के बीच में होगा। नेशनल स्पीड हैंडबाल चैम्पियनशिप के तीसरे दिन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने विवेक विश्वविद्यालय 32-30 से परास्त किया। उत्तर प्रदेश को दिल्ली ने 27-26 से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बना ली। महिला वर्ग का फाइनल दिल्ली और हरियाणा के बीच ही होगा। क्वार्टर फाइनल पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को 24-16 से पराजित किया। दिल्ली ने हरियाणा को 31-04 से टक्कर मुकाबले में हरा दिया। विवेक विश्वविद्यालय ने उत्तराखण्ड को 18-13 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने गोपी अकेडमी को 31-25 से हरा दिया। महिला वर्ग में सेमी फाइनल में दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश को 16-12 से पराजित किया। हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को 20-05 से परास्त किया। क्वार्टर फाइनल में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 31-04 से हरा दिया। छत्तीसगढ़ ने गोपी एकेडमी को 20-05 से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान के 08-04 से परास्त किया। हरियाणा ने उत्तराखण्ड को 23-01 से परास्त किया। इस अवसर पर चीफ रैफरी चेयरपर्सन पंकज शर्मा, चीफ टैक्नीकल कम्युनिटि चेयरमैन रोहित सिंह, टैक्नीकल कम्युनिटी बाइस चेयरमैन प्रकाश मिश्रा, ऑग्रेनाइजिंग सैक्रटी विवेक गिरि, दिल्ली सचिव पुनित डबास, चीफ जज मनीष मीणा उत्तर प्रदेश स्पीड हैडबाल के सचिव पप्पल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम



**हल्दौर।** ग्राम बाटपुरा के दा रॉयल कोर्ट बैंक्वेट हॉल में महान किसान नेता छोटू राम एवं अमर बलिदानी राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सतपाल सिंह चौधरी ने किसान नेता छोटू राम व अमर बलिदानी राजा नाहर पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार उर्फ टीटू द्वारा किया गया। अध्यक्षता चौधरी बलवीर सिंह व संचालन योगेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू ने किया। इस अवसर पर रोहित जाखड़, अदित चौधरी, मनोज सिंह दोहन, विनोद प्रमुख, वीरेंद्र सिंह चौधरी, बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पशु चोर गिरफ्तार



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर निवासी छत्रपाल सिंह पुत्र सीताराम ने 8 जनवरी को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसके घेर में बंधी उसकी एक कटिया को चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 14/26 धारा 303(2) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया था। जबकि दूसरे वादी रईस पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला सराय रफी फीना कॉलोनी ने कहा कि उसके घर में बंधी उसकी भैंस चोरों ने चोरी कर ली है। वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के जरिये पशु चोर को चोरी की कटिया व एक भैंस के साथ गिरफ्तार करते हुए धारा 317(2) की वृद्धि करते हुए मौहम्मद फाहद पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला शाहचंदन चांदपुर के विरुद्ध कार्यवाही प्रचलित बताई है।

### वनवास गमन की मर्मस्पर्शी कथा सुनाई



**नहटौर।** श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास सुदर्शन जी महाराज ने व्याख्यान करते हुए बताया कि जब राजा दशरथ ने रानी कैकेयी के दो वचनों को स्वीकार किया, तो मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने सहर्ष राजपाट त्याग कर पिता के वचनों को निभाने के लिए वनवास स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जब राम, लक्ष्मण और माता सीता वन की ओर प्रस्थान करने लगे, तो उस समय का अयोध्या का दृश्य अत्यंत कारुणिक था। उन्होंने बताया कि रामायण में प्रभु राम ने सत्ता के मोह को त्याग कर पितृ-भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया और भरत का प्रेम और लक्ष्मण का भाई के प्रति समर्पण हमें रिश्तों की अहमियत सिखाता है। कथा में अशोक चंद्रा, विपिन वर्मा, रमन गोयल, मुकेश अग्रवाल बॉबी, सुमित अग्रवाल, मुकेश चंद्रा, विशाल वर्मा, मोनू अग्रवाल, अमन वर्मा, दयाराम सैनी, आरव वर्मा, भूपेंद्र चौधरी, सचिन कुमार, जतिन चंद्रा आनन्दपाल सिंह, गौरव कुमार, प्रियांशु कुमार, आकांश सैनी, निकुंज वर्मा, कान्हा, अंगद कुमार, लकी चंद्रा, निश्चल त्यागी, प्रदीप अग्रवाल, रतन सिंह सैनी, पवन अग्रवाल, उमाशंकर शर्मा, वंश वर्मा, आर्यन चंद्रा, हीरो गुप्ता, विकास वर्मा, पवन कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# क्रिसेंट में सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शिक्षक सरीम फरहत, तजीम हाशमी, रिंकू सिंह एवं आसिम खान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रिफ्लेक्टर लाइट निःशुल्क वितरित की गईं, जिससे विशेषकर रात्रि के समय सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं।

# चीनी मिल के क्रय केंद्रों का निरीक्षण

## किसानों को पंचामृत और जैविक खेती अपनाने का दिया मंत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा बिंदल पेपर्स शुगर मिल लिमिटेड के अंतर्गत गन्ना खरीद प्रक्रिया, विभागीय विकास कार्यों के सत्यापन और बसंतकालीन बुवाई की तैयारियों को लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया।

भ्रमण के प्रथम चरण में चीनी मिल के क्रय केंद्र तंगरौला, फेना और नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर गन्ने की तौल सही पाई गई और व्यवस्था संतोषजनक मिली। इसके उपरांत ग्राम तंगरौला में प्रगतिशील कृषक अरविंद कुमार पुत्र शमशेर सिंह के खेत का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई कर उसके साथ सह-फसली के रूप में सरसों और जौ की खेती की जा रही है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने इसे 'किसानों की आय दोगुनी' करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया और अन्य किसानों से भी इस मॉडल को अपनाने की अपील की। भ्रमण के अंतिम पड़ाव में ग्राम रामपुर में बसंतकालीन बुवाई को लेकर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने 'पंचामृत खेती और जैविक खेती पर विशेष बल दिया। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए रसायनों का प्रयोग कम करें और जैव उत्पादों को प्राथमिकता दें।

किसानों को गन्ने की खेती में पंचामृत विधि के सभी अवयवों को अपनाने की सलाह दी गई। ट्रेंच विधि से बुवाई, सह-फसली खेती, ड्रिप सिंचाई का प्रयोग, पेड़ी प्रबंधन, ट्रेश मल्चिंग, उन्नत प्रजातियां जैसे 0118, 13235, 17231, 18231, 19231, 14201, 16202 की बुवाई करें। जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए और 13231 का चयन करें।

बुवाई से पूर्व बीज को थियोफिनेट मिथाइल से शोधित अवश्य करें। साथ ही भूमि जनित रोगों से बचाव और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी खेतों में ट्राइकोडर्मा का प्रयोग सुनिश्चित करें। इस गोष्ठी में चीनी मिल के डेवलपमेंट हेड इंद्रबीर सिंह, गन्ना प्रबंधक सुरूर आलम जैदी सहित लगभग 35 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया और नवीन तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

# युवा अधिवक्ताओं की बड़ी सफलता

## अखिल भारतीय विधि परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के लिए यह गर्व और खुशी का अवसर है कि यहां के होनहार युवा अधिवक्ताओं ने अखिल भारतीय विधि परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि से स्योहारा समेत आसपास के इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई है और युवाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्योहारा क्षेत्र के युवा अधिवक्ता फहमी खान, इंजमाम अहमद एवं सादिक सिद्दीकी और सहसपुर नगर के समाजसेवी व युवा अधिवक्ता जीशाने आलम उर्फ शान सहसपुरी ने भारतीय बार परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विधि परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह परीक्षा 30 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 7 जनवरी 2026 को घोषित हुआ। देशभर से बड़ी संख्या में विधि स्नातकों ने इस कठिन परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 69.21 रहा।

फहमी खान वर्तमान में जिला न्यायालय बिजनौर में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे हैं जबकि जीशाने आलम उर्फ शान सहसपुरी धामपुर तहसील में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं इंजमाम अहमद और सादिक सिद्दीकी भी न्यायिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए आम जनता को न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। सभी ने कड़ी मेहनत, निरंतर अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। अपनी सफलता पर युवा अधिवक्ताओं ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता परिवारजनों, गुरुओं और शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी ईमानदारी निष्ठा और समर्पण के साथ न्याय व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करेंगे और समाज की सेवा में जुटे रहेंगे स्थानीय बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने सभी सफल अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मेहनती और प्रतिभाशाली युवा न्यायिक क्षेत्र की सच्ची पूंजी हैं और भविष्य में अपनी अलग पहचान बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विधि परीक्षा कानून स्नातकों के लिए अनिवार्य परीक्षा होती है, जिसके उत्तीर्ण होने के बाद अधिवक्ता को विधिक प्रैक्टिस का प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। इन युवाओं की सफलता से स्योहारा, सहसपुर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को यह प्रेरणा मिलेगी कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# शिक्षकों की सभी मांगें न्यायोचित पूरी होनी चाहिए: हेमा मालिनी



## राज्य सम्मेलन की सफलता से गदगद माध्यमिक शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का 58वां राज्य सम्मेलन मथुरा के किशोरी रमन इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

मथुरा सम्मेलन से लौटकर माध्यमिक शिक्षक संघ बिजनौर के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि मथुरा की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने अपने संबोधन में माध्यमिक शिक्षकों की सभी मांगें को न्यायसंगत बताए हुए कहा कि शासन को उनकी मांगों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक की उन्नति के बिना कोई भी राष्ट्र विकास के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता, शिक्षक राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी होता है उसकी समस्याओं को समझना आवश्यक है।

दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि आगरा से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि वह भले ही आज केंद्र में मंत्री हैं, किंतु उन्हें आज भी अपने शिक्षक होने पर गर्व होता है। ज्ञात हो कि अपने करियर के प्रारंभिक दौर में श्री बघेल आगरा कॉलेज आगरा में शिक्षक रह चुके हैं। श्री बघेल ने शिक्षकों की सभी समस्याओं को न्याय उचित और आवश्यक बताते हुए कहा कि 13 जनवरी को मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी के साथ उनकी भेंट वार्ता है और वह उन समस्याओं पर उनके साथ गंभीर चर्चा करेंगे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि तथा अन्य उपस्थित पदाधिकारीगण ने सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक संघ के अध्यक्ष तथा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति पीके दशोरा, विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता तथा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, सुभाषचंद्र शर्मा, डा. प्रमोद मिश्रा, इंद्रासन सिंह ठाकुर प्रसाद आदि प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचे व कारतूसों के साथ एक गिरफ्तार


**नांगल सोती।** नांगल पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूसों के गिरफ्तार कर उसका आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया। आरोपी युवक पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है।

नांगल पुलिस बरकतपुर मिल तिराहे के समीप नांगल चंदक मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से मिल तिराहे के पास खाली कालोनी के प्लाट में खड़ा है, जिसके बाद दरोगा गौरव सिरोही, आरक्षी सोनू और आमिर ने उक्त युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पकड़े गए युवक के पास से एक 315 बोर तमंचा 2 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम देशराज उर्फ लक्की पुत्र रामकुमार निवासी गांव लालपुर मान थाना नांगल जनपद बिजनौर बताया। नांगल पुलिस ने बताया कि उक्त युवक पर उत्तराखंड और नांगल थाने में गैंगस्टर सहित कई अपराध दर्ज है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी का संबंधित अपराध में चालान कर दिया गया।

# एस.एम. गुडविल एकेडमी में वार्षिकोत्सव

## विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल के 20वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को केंद्र में रखा गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लक्ष्मी जैन ने विद्यार्थियों को समय की कीमत, शिक्षा की भूमिका और भारत के उज्ज्वल भविष्य पर प्रेरक संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के हरेवली तीराहा स्थित एक बैंक हॉल में एस.एम. गुडविल एकेडमी स्कूल के 20 वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सोशल मीडिया, 26/11, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों, उड़ान सोन्ग तथा उनके समाधन को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों स्कूल के एमडी अंकुर जैन, अनामिका जैन, लक्ष्मी जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल एमडी अंकुर जैन ने सभी अतिथियों अभिभावकों एवं क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एस.एम. गुडविल एकेडमी के इतिहास में एक अत्यंत विशेष भावनाओं से भरा और गौरवपूर्ण है। इस संस्थान के संस्थापक हमारे आदरणीय बाबूजी स्व. श्री गुलाबचंद जैन का विश्वास था कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कारों, मूल्यों और चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने जिस दीप को ज्ञान के रुप मे जलाया वह आज भी अनेक जीवनों को प्रकाशित कर रहा है।

उनका सपना था कि यह विद्यालय हर बच्चे को एक उड़ान दे। हर प्रतिभा को पहचान दे और समाज को सशक्त शिक्षित व संस्कारी नागरिक प्रदान करे।

स्कूल की एमडी अनामिका ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जनसहयोग और अभिभावकों के मार्गदर्शन से एस.एम. गुडविल एकेडमी में 20 वर्षो से गुणवत्तापूर्ण और सार्थक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सबके सामने हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लक्ष्मी जैन ने कहा कि शिक्षा के इन मंदिरों से निकलकर युवा देश को नई दिशा देंगे और भारत को उन्नति की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर सूची शर्मा, मो. निका यादव, लक्ष्मी रावल प्रधानाचार्य पीजी कॉलेज धामपुर, मुकेश रस्तोगी, अनुभाव अग्रवाल, प्रभात शर्मा, नीता शर्मा, शरद चन्द्र शर्मा, मोनिका रुस्तम, लक्ष्मी जैन, उर्मिला पाल धामपुर, शुभम जैन, शुभराश जैन, हर्ष जैन, डा. उर्मिला पाल, मोनिका रुस्तम, लक्ष्मी रावल, अनामिका जैन, अंकुर जैन, शुभम जैन, अर्चित जैन, शरद चन्द्र शर्मा, सूची शर्मा, प्रभात शर्मा, मुकेश रस्तोगी, हरचित जैन, अर्चित जैन, अनुभाव अग्रवाल, प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा, संगीता चौहान आदि स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी जैन व संचालक एस. भारती, साहिला, सीजा परवीन, वंश कुमार, दर्श प्रताप ने संयुक्त रुप से किया।

कार्यक्रम के दौरान एम.डी. अंकुर जैन, अनामिका जैन ने डा. शहनावाज, सुहैल इदरीसी, अमिष रस्तोगी, नवनीत चौहान, अबरार अहमद, एस. भारती, मौहम्मद खालिद, अदनान राईन, गुफरान राजा, विजय वर्मा आदि पत्रकारों सहित अतिथियों को शॉल व शील्ड देकर सम्मानित किया।

# शाह विलायत दरगाह पर उमड़ी जायरीनों की भारी भीड़

## उर्स के तीसरे दिन बड़ी संख्या में दरगाह पर पहुंचे जायरीन, चादरपोशी कर मांगीं मन्नतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हजरत शाह विलालयत के उसे के तीसरे दिन जायरीनों ने दरगाह पर चादरपा. शी कर मन्नते मांगी जबकि कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर खिराजे अकीदत पेश की। यहां लगे मेले से लोगों ने अपनी जरूरत का सामान लिया जबकि बच्चों ने झूले तमाशों का अजमकर आनन्द उठाया। आज बाद नमाजे मगरिब कुल कुल शरीफ की रस्म अदा की जायेगी।

हजरत शाह विलायत सोहरवर्दी की दरगाह पर चल रहे चार दिवसीय उर्स के तीसरे दिन शनिवार को नौगावां सादात विधायक समरपाल सिंह, भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मरगूब सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंदों दरगाह पर चादरपोशी की। मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाई चारे के लिए दुआएं मांगी। मेहमानों की दस्तारबंदी के बाद कमेटी सचिव हसन शुजा नकवी ने बताया कि शाह विलायत साहब की दरगाह की एक खासियत ये है कि यहां



बिच्छू भी डंक नहीं मारता है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर आपसी भाईचारे व सौहार्द को कायम रखा जा सकता है। उर्स के तीसरे दिन की शुरुआत कुरानख्वानी से हुई। सुबह से ही दरगाह पर अकीदतमंदों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, रामपुर व दिल्ली समेत आस-पास जिलों से भारी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह पर पहुंचकर गुलपोशी की और मन्नतें मांगी। कव्वालों ने अपने कलामों के जरिए शाह को खिराजे अकीदत पेश की। शाम को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह पर फातिहा और छोटा कुल शरीफ हुआ। इस दौरान मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और आपसी भाई चारे के लिए दुआ हुई। रात को बाद नमाजे ईशा शबीना शुरू हुआ। उर्स का कुल (समापन) रविवार यानि आज होगा। उर्स के दौरान दरगाह परिसर के साथ ही बिजनौर रोड पर भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मेले में लोग खूब खरीदारी कर रहे है। वहीं, बच्चे झूले के साथ ही खाने-पीने की चीजों का लुत्फ उठा रहे है। इस दौरान इंतजामिया कमेटी के सभी पदाधिकारी दिन भर उर्स के कार्यक्रमों को अंजाम देने में लगे रहे। शिया वक्फ बोर्ड द्वारा स्वीकृत कमेटी के सचिव हसन शुजा नकवी ने मेहमानों का इस्तकबाल किया। इस दौरान अख्तर अब्बास, दानिश नकवी, अरशद पाशा, मुजाहिद अब्बास, तबारक अली, मुबारक अली आदि मौजूद रहे।

# बुर्के में डांस पर मचा बवाल सीओ ने बैठाई जांच

## जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** निजी स्कूल के कार्निवल फेस्टिवल में धुरंधर फिल्म के गाने पर बुर्के में डांस से जुड़ा मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। यूथ मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष जीशान पाशा द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत पर सीओ नौगावां सादात ने प्रकरण में जांच बिठा दी है। मामले में स्कूल प्रधानाचार्या को नोटिस जारी कर तलब किया गया है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को भी बयान दर्ज कराने के लिए कार्यालय बुलाया गया है। वहीं, बुर्के में डांस को लेकर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस अब शांत पड़ गई है। बीती 29 दिसंबर को शहर में धनौरा मार्ग स्थित एक स्कूल में विंटर कार्निवल फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। जिसमें स्कूल के कुछ पुराने छात्र भी आए थे। कार्यक्रम के आखिर में करीब सात-आठ पूर्व छात्रों ने धुरंधर फिल्म के गाने पर डांस किया था। जिनमें तीन लड़के बुर्का पहने हुए थे, उन्होंने हिजाब लगा रखा था। डांस के दौरान एक छात्र ने बुर्के पहने दूसरे छात्र को गोद में उठाते हुए बेहुदा स्टेप किए थे। छात्र-छात्राओं ने उनके इस स्टेप पर जमकर हूटिंग की थी। बुर्के में डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हंगामा मच गया था। कार्रवाई किए जाने की मांग जोर पकड़ने पर स्कूल प्रधानाचार्या के अलावा पूर्व छात्रों द्वारा अपनी इस हरकत पर माफी मांग ली गई थी। वहीं, डांस से जुड़े अन्य वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। बुर्के की तौहीन और मजहब का मजाक उड़ाए जाने को लेकर यूथ मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष जीशान अली पाशा द्वारा भी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में स्कूल प्रधानाचार्या को नोटिस जारी किया गया है। उनके बयान दर्ज होने के बाद ही मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा को भगाकर ले गया प्रेमी

## मां समेत तीन भाईयों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** छात्रा को परेशान करने वाला युवक उसे बहलाकर ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। मामले में तीन सगे भाई और मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। किसान की 17 वर्षीय बेटी स्थानीय एक स्कूल में पढ़ती थी। आरोप है कि गांव का ही रहने वाला कलीम उसे परेशान कर रहा था, जिसके चलते परिजनों ने छात्रा को स्कूल भेजना बंद कर दिया था। लेकिन छह जनवरी को कलीम, उसका भाई अजीम, करीम और उसकी मां तरमीन जहां छात्रा को बहलाकर ले गए। परिजनों ने छात्रा को वापस करने के लिए कहा तो आरोपियों ने वापस भेजने से इनकार कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी छात्रा का कहीं पता नहीं चला। छात्रा के भाई ने मामले की शिकायत डिडौली कोतवाली में की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में कलीम, अजीम, करीम और उसकी मां तरमीन जहां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छात्रा को जल्दी ही बरामद कर आरो. पियों की गिरफ्तारी की जाएगी।


# हाकमपुर में पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ, मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** क्षेत्र में एक बार फिर से तेंदुए को लेकर दशहत का माहौल बन गया है। ईंट भट्टा परिसर में पेड़ पर तेंदुआ बैठे दिखने के बाद से ग्रामीणों में हमले का डर बना है। हालांकि, शोर मचाने पर पेड़ से नीचे उतरा तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद लाठी-डंडे लेकर जंगल में काफी देर घूमे ग्रामीणों ने बहुत देर तक खाक छानी लेकिन तेंदुआ फिर दिखाई नहीं दिया। वन विभाग के अधिकारियों को जंगल में तेंदुए के होने की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों की ओर से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की गई है।

क्षेत्र के गांव हाकमपुर निवासी जोगेंद्र सिंह का गांव में ही जंगल के रास्ते पर ईंट भट्टा है। भट्टा परिसर की चारदीवारी पर पेड़ भी लगे हुए हैं। घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। भट्ठे पर मौजूद बिहार निवासी नौकर अर्जुन की नजर

### ग्रामीणों में बनी दहशत



इत्तेफाक से पेड़ पर पड़ी तो नजारा देख उसकी हवाईयां उड़ गईं। मोटी शाख के बीच एक तेंदुआ बैठा दिखाई दिया, जिसे देख अर्जुन ने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग भी मौके पर पहुंच गए। शोर मचाए जाने पर पेड़ से उतरा तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। सूचना गांव में पहुंचते ही मौके पर भारी भीड़ लग गई। लाठी-डंडे लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी देर जंगल की तलाशी ली लेकिन तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों के मुताबिक इससे पहले भी गांव के आसपास तेंदुआ का जोड़ा देखा जा चुका है, दो शावक भी दिख चुके हैं लेकिन वन विभाग ने आज तक जंगल में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास नहीं किया है। वहीं, तेंदुए के दिखने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए महिलाओं और बच्चों को खेतों की ओर भेजने पर रोक लगा दी गई है।

## एक नजर

### हाइवे पार करते दादी-पोता को वाहन ने टक्कर मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से दादी-पोता गंभीर घायल हो गए। परि. जनों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उपचार के बीच हालत गंभीर बनी हुई है। जोया के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी कौसर की पत्नी नफीसा अपने पोते अरम के साथ शुक्रवार को अपनी बहन के घर डिडौली कस्बे में जा रही थीं। डिडौली में हाईवे पार करते समय मुरादाबाद दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दादी-पोता गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल डिडौली कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

### डिंडौली कोतवाल चुने गए कॉप ऑफ द मंथ



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिसंबर माह में बेहतरीन कारगुजारी पर डिडौली कोतवाल हरीश वर्धन सिंह को कॉप ऑफ द मंथ चुना गया जबकि मंडी धनौरा सर्किल में गजरौला चौपला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुधीर तोमर, नगर सर्किल में वासुदेव चौकी के सहायक प्रभारी उपनिरीक्षक बलवान सिंह, नौगावां सादात सर्किल में कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष बालियान तथा हसनपुर सर्किल में थाना आदमपुर में हल्का नंबर चार के उपनिरीक्षक इंग्लेश कुमार को कॉप ऑफ द मंथ की उपाधि से सम्मानित किया। दिसंबर माह में डिडौली कोतवाल हरीश वर्धन सिंह के कार्य सराहनीय रहे।

### जमीनी विवाद में भाई को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम चंदनपुर में शनिवार सुबह रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जमीनी विवाद एवं पुरानी रंजिश के चलते सगे भाई ने अपने ही भाइयों पर साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में ओमप्रकाश और पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक, ओमप्रकाश पुत्र होशियार सिंह सुबह करीब आठ बजे अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। तभी उनका सगा भाई सोमपाल कुछ बाहरी लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और अचानक लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में ओमप्रकाश और उन्हें बचाने पहुंचा उसका भाई पप्पू बुरी तरह जख्मी हो गये। घटना की सूचना मिलते ही रहरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दया गया है। थाना अध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोमपाल सिंह पुत्र होशयार सिंह,जीतू पुत्र सोमपाल एवं शीला पत्नी सोमपाल निवासी चंदनपुर थाना रहरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### स्काउट-गाइड शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** रामसरन एवं सुशील आनंद हाई स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को विद्यालय में आयोजित शिविर में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। समापन दिवस पर प्रशिक्षण अमन कुमार ने विद्यार्थियों को विषम परिस्थितियों में शिविर निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को टोलियों में विभाजन कर शिविर निर्माण कराया। निर्णायक मंडल द्वारा निरीक्षण कर विजेता घोषित किये गये विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर जनिया टोली, गांधी टोली, व डायर वुल्फ टोली, दूसरे स्थान पर लक्ष्मीबाई टोली, सूरजमुखी टोली, अब्दुल कलाम टोली, वह तीसरे स्थान पर गूलहर टोली, सुभाष टोली व सेवा पथ टोली रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, सुशील चंद्र सक्सेना, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, अनुराधा, रवि शर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, सीमा वर्मा, कोमल रानी मौजूद रहे।

### ओवरहाइट गन्ना लदा ट्रक पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मलेशिया स्थित वेव गन्ना मिल के मुख्य गेट पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ओवरहाइट गन्ना लादकर मिल में प्रवेश कर रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई मजदूर या राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जिस स्थान पर ट्रक पलटा, उसके पास ही एक बैंक और एटीएम स्थित है। यह एक सप्ताह के भीतर ट्रक पलटने की दूसरी घटना बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक गन्ना तौल कराने के लिए मिल गेट की ओर बढ़ रहा था। मोड़ पर पहुंचते ही संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक के पलटते ही गन्ना सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ समय के लिए मिल गेट पर आवागमन बाधित रहा।

# अल्लाह ने कुरआन में पूरी कायनात के बारे में बताया



## बुरी आदतें छोड़ अल्लाह के बताए रास्ते पर चलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तबलीगी इस्तेमा में उलेमाओं ने दीन के रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारने का आह्वान किया। बुराइयों को त्याग कर अल्लाह और उसके रसूल के बताये हुए रास्ते पर चलने के बारे में खिताब किया।

शनिवार को कनेटा रोड पर सालाना तबलीगी इस्तेमा को खिताब करते हुए मुफ्ती शोएब अहमद ने फरमाया कि अल्लाह हर चीज का मालिक है। उसकी मर्जी के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता है। उन्होंने फरमाया कि मुसलमान बुरी आदतों को छोड़कर अल्लाह और उसके पाक नबी के बताये हुए रास्तों पर चलकर अपनी जिंदगी को आसान कर ले। कयामत आने से पहले तैयारी कर ले। मुफ्ती अजमल मुरादाबादी ने फरमाया अल्लाह ने अपनी किताब का पैगाम बंदों तक पहुंचाने का काम किया। अल्लाह सारी कायनात का मालिक है। दुनिया की कट्टर रूहों ने भी अल्लाह को एक माना है। सबको पैदा करने वाला अल्लाह है। सारी दुनिया का निजाम चलाने वाला सिर्फ और सिर्फ अल्लाह है। कुरान में अल्लाह ने सारी कायनात के बारे में लिख दिया है। कुरान कहता है दुनिया ज्वाल की तरह है यह हमेशा के लिए नहीं बनाई गई है। अल्लाह कुरान में फरमाता है ए लोगों अपने परवरदिगार से डरो। कयामत के दिन जब मंजर सामने होगा तो होश उड़ जाएंगे। इंसान का वजूद खत्म हो जायेगा। हुकूमतों की बागदौड़ संभालने वाले वहां कुछ नहीं कर पाएंगे। अल्लाह कयामत के दिन पूछेगा बताओ कौन बादशाह है। अल्लाह के अजाब से बचने के लिए कुरान के बताये हुए रास्ते पर अमल कर लो बाद में पछताने का मौका भी नहीं मिलेगा। उन्होंने फरमाया दुनिया में अमाल अच्छे करने होंगे। ताकि कयामत के दिन शर्मिंदा ना होना पड़े। इस मौके पर कारी वकील रहमान, हाफिज अकरम, कारी आसिफ, नफीस चिश्ती, हाजी नईम,मौलाना फरमान, कारी ताहिर, मौलाना अनस आदि मौजूद थे।

# किसान नेता को किया हाउस अरेस्ट

## मेरठ जाने की कर रहे थे तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मेरठ जनपद के कपसाड़ जाने की तैयारी कर रहे भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुलिस ने घर में नजर बंद कर दिया।

मेरठ जिले के कपसाड़ गांव में हुई दलित महिला की हत्या और बेटी के अपहरण के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। जनपद मेरठ के गांव कपसाड़ में दलित महिला की हत्या करने के बाद बेटी का अपहरण कर लिया गया था। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी कार्यकर्ताओं के साथ दलित महिला की हत्या व बेटी के अपहरण का विरोध करने के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। जैसे ही इसकी भनक पुलिस प्रशासन को मिली तो वह कनेटा रोड स्थित दिग्विजय भाटी के आवास पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि गांव कपसाड़ में हुई घटना की जितनी भी निंदा की जाये। पुलिस प्रशासन में उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया है पुलिस ने विरोध प्रदर्शन करने के लिए वहां जाने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन तानाशाही कर रहा है यह निंदनीय है।

# अपराध रोकने में नाकाम प्रभारियों को लगाई क्लास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अपराध की मासिक गोष्ठी में एसपी ने अपराध रोकने में नाकाम थाना प्रभारियों की जमकर क्लास लगाई। लंबित घटनाओं का खुलासे करने का जोर देते हुए चोरी की बढ़ती वारदातों को लेकर नाराज दिखे। पुलिस कार्यालय सभागार में शुक्रवार रात आयोजित गोष्ठी में एसपी के तेवर तल्ख रहे। सिलसिलेवार तरीके से उन्होंने थाना प्रभारियों पर सवाल दागे। अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की बाबत जानकारी ली। जवाब देने में कई थाना प्रभारियों की जुबान लड़खड़ाती दिखाई दी। एसपी ने दो टूक कहा कि अपराध पर अंकुश नहीं लगा पाने में नाकाम रहने पर जवाबदेही तय होगी। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी। इसके बाद उन्होंने जिले में टॉप-10 अपराधियों व चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध अब तक की गई गुंडा एक्ट,

### एसपी ने ली अपराध समीक्षा बैठक



जिला बदर, गैंगस्टर व एचएस की गहनता से समीक्षा की। कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। खुलासे में लंबित अभियोगों की जानक. री लेते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजीआरयू, जनशिकायत व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की थानावार समीक्षा की। निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की बात कही। शासन की प्राथमिकता से जुड़े आपरेशन क्लीन-2, आपरेशन कनवक्शिन व त्रिनेत्र ऐप पर फीडिंग, ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। अभियुक्तगण के विरुद्ध की गई निरोधात्मक कार्रवाई पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं, मिशन शक्ति अभियान, महिला संबंधी अपराध के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की भी एसपी ने थानावार समीक्षा की। डकैती, लूट, नकबजनी, चोरी व गोवध के अपराधियों का सत्यापन एंव निरोधात्मक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। अवैध शराब, जुआ/सट्टा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूर्णत: रोक लगाने की हिदायत दी। सभी थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। अपहृत एवं गुमशुदा की समीक्षा करते हुए जल्दी बरामदगी की बात कही। आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सभी सीओ, आरआई, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, प्रभारी यातायात व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



# अवैध पटाखा फैक्ट्री की जांच को पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव मलेशिया में सर्फ फैक्ट्री की आड़ में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके और भीषण आग की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित चार सदस्यीय संयुक्त जांच टीम ने शनिवार को फैक्ट्री परिसर पहुंचकर मामले की विस्तृत जांच की। बीते सोमवार को गांव मलेशिया में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में अचानक विस्फोट हुआ था, जिसकी गूंज दूर-दराज तक सुनाई दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने पूरे मामले की तह तक जाने के लिए संयुक्त जांच समिति का गठन किया। शनिवार को जांच टीम ने फैक्ट्री पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। जांच टीम में एसडीएम धनौरा विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, मुख्य अग्निशमन अधिकारी (एफएसओ) तथा जीएसटी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान फैक्ट्री के संचालन, सुरक्षा मानकों, लाइसेंस और विस्फोटक सामग्री के भंडारण से जुड़े बिंदुओं की गहन पड़ताल की गई। अधिकारियों ने मौके से उपलब्ध दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों को भी खंगाला। पुलिस ने इस मामले में लाप. रवाही और अवैध संचालन से संबंधित धाराओं में फैक्ट्री मालिक सोनू के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम जाँच को पहुंची थी।

# अवैध उप-खनिज परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई

**संयुक्त अभियान में 12 वाहन सीज, 5.62 लाख का जुर्माना आरोपित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्धप्रवर्तनञ्ञ एवं खनन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन जांच एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

आज की गई कार्रवाई के दौरान थाना अजीमनगर क्षेत्र में 7 वाहन, मंडी क्षेत्र रामपुर में 1 वाहन तथा थाना पटवाई क्षेत्र में 4 ओवरलोड वाहन पकड़े गए। इस प्रकार कुल 12 वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग प्रवर्तन द्वारा कार्रवाई की गई।

जांच में पाया गया कि कुल 10 डंपर ओवरलोड अवस्था में अवैध उप-खनिज का परिवहन कर रहे थे, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम एवं खनन नियमावली के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 4।92 लाख का जुर्माना आरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त 2 पिकअप वाहन भी ओवरलोड पाए गए, जिन पर 70 हजार का जुर्माना लगाया गया।

इस प्रकार कुल 12 वाहन अवैध उप-खनिज परिवहन में संलिप्त पाए गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित थानों में सीज की कार्रवाई की गई है।

डंपरों के विरुद्ध की गई उक्त कार्रवाई खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई, जिसका उद्देश्य अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है।

जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अवैध उप-खनिज परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है तथा जनपद में इस प्रकार के संयुक्त प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर एवं सख्ती के साथ जारी रहेंगे।




# अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

**लेखपाल.कानूनगो निलंबित, गाबर कंपनी को 3.63 करोड़ का नोटिस**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के तहसील स्वार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवंत नगर में मैसर्स गाबर कंपनी द्वारा साधारण मिट्टी के अवैध उत्खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्ईय जांच समिति का गठन किया।

जांच समिति द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखों के विश्लेषण में कुल 3,32,640 वर्ग मीटर क्षेत्र में औसतन 2.5 मीटर गहराई तक अवैध उत्खनन की पुष्टि हुई।

उक्त मामले में उत्तर प्रदेश उप-खनिज परिहार नियमावली, 2021 के नियम-58 के तहत मैसर्स गाबर रुद्रपुर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड को कुल 3,63,63,200 का नोटिस जारी किया गया है।

प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरा.ेप में क्षेत्रीय लेखपाल सचिन सक्सेना एवं कानूनगो अजय सागर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

वहीं, मौके से 02 ओवरलोड वाहन और 06 डंपरों को सीज कर राणा शुगर मिल, स्वार परिसर में खड़ा कराया गया।

इन वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा घ्2।55 लाख का जुर्माना वसूला गया है।

इसके अतिरिक्त, स्थल पर पाई गई दो पोकलेन मशीनों पर पृथक से 10 लाख का जुर्माना लगाया जा रहा है।

इस मामले में खान निरीक्षक रामपुर द्वारा मैसर्स गाबर रुद्रपुर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य के विरुद्ध धारा 173 बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिकी संख्या 15/2026 दर्ज कराई गई है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध शून्य सहनशीलता नीति के तहत कठोर और निरंतर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मीटर रीडर द्वारा बिल नहीं निकालने से विद्युत उपभोक्ता परेशान, 6 माह से नही निकाला बिल

**विद्युत उपभोक्ताओं का बिल बढ़ता चला जा रहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र गांव अलीगंज मे छह माह से मीटर रीडर बिल निकालने नही पहुंचा है जिसकी वजह से विद्युत उपभोक्ताओं का बिल बढ़ता चला जा रहा है।

कई बार इसकी शिकायत विद्युत विभाग से की गई लेकिन विधुत विभाग ने शिकायत को गंभीरता से नही लिया।

शिकायत के बाद भी मीटर रीडर बिल निकालने नही पहुंचे इसकी शिकायत उपभोक्ता कल्याण परिषद के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष यूसुफ मलिक ने उपजिलाधिकारी से की है। उन्होंने भेजे शिकायती पत्र मे कहा है कि पट्टी कला के मझरा अलीगंज मे मीटर रीडर विधुत उपभोक्ताओं के बिल निकालने नही पहुंच रहे है जिसकी वजह से बिल बड़ता चला जा रहा है। ज्यादा बिल होने पर विधुत विभाग के कर्म चारी विद्युत उपभोक्ताओं के तार काटने की धमकी देते है।

ज्यादा बिल होने पर गरीब उपभोक्ता बिल जमा नही कर पाता है बिल जमा न होने के उपभोक्ताओं पर बोझ बड़ता रहता है हर माह समय से मीटर रीडर बिल निकालने पहुंच जाए तब उपभोक्ता समय से बिल जमा कर सके।

इसकी शिकायत उपभोक्ता कल्याण परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष यूसुफ मलिक ने उपजिलाधिकारी से गांव के मीटर रीडर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# सैफनी पैठ बाजार में सुरक्षा को लेकर दुकानदारों में रोष, बाजार मालिकों से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर शनिवार को पैठ बाजार में दुकानदारों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। दुक.ानदारों का कहना है कि बुधवार को बाजार में सब्जी बेच रहे एक दुक.ानदार के साथ कुछ दबंगों ने बेरहमी से मारपीट की, जिससे बाजार का माहौल दहशतपूर्ण हो गया।घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बावजूद इसके, दुकानदारों का कहना है कि आए दिन होने वाली ऐसी घटनाओं से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है और जान-माल की सुरक्षा को लेकर वे असहज महसूस कर रहे हैं।



पैठ बाजार के दुकानदारों ने बाजार मालिकों से मांग की है कि बाजार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दुक.ानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो वे बाजार में अपनी दुकान नहीं लगाएंगे। वहीं क्षेत्राधिकारी देवकी नंदन ने थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा के साथ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर बाजार मालिकों से बाजार में लगाने वाले दुकानदारों की शिकायत को लेकर बात चीत कर सुरक्षा हेतु सख्त हिदायत दी ओर कहा कि दुकानदारों की फुल सुरक्षा की जाएगी हर शनिवार व बुधवार को लगने वाली बाजार में पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी और थाना प्रभारी की देख रेख में बाजार रहेगी तथा अब कोई ऐसी घटना नहीं होगी दुकानदार आश्वासन पाकर अपने अपने घर लौट गए लेकिन बाजार में कुछ दुकानें भी लगी मिली थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो दोषी पाए जाएंगे उन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब पेंटर की जमीन पर कब्जा पीड़ित ने लगाई प्रशासन से गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना मिलक क्षेत्र के गांव पिपला शिवनगर निवासी वेदप्रकाश ने जिलाधिकारी, एसपी, और थाना मिलक एवं एसडीएमध्तहसीलदार सभी जगह प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में उन्होंने एक प्लॉट लिया था।आरोप है कि उसपर एक व्यक्ति ने अपनी दबंगई से कब्जा कर लिया है। जो कि दबंग किस्म का व्यक्ति है। पीड़ित का प्लॉट 150 गज का है। जिसका बैनामा व दाखिल खारिज भी हो चुका है। खतौनी में भी नाम चढ़ चुका है।पीड़ित का प्लॉट विपक्षी के बने हुए मकान से मिला पड़ोस हुआ है। पीड़ित वेदप्रकाश ने तहसील प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक अपनी पीड़ा लिखित रूप में सुनाई।इसके अलावा उसने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर और सोशल मीडिया पर भी शिकायत की लेकिन पीड़ित वेदप्रकाश की कही से कोई सुनवाई नही हुई। पीड़ित का कहना है कि तहसील प्रशासन ने जिले के उच्च अधिकारियों को गुमराह कर पीड़ित की अनुपस्थिति में शिकायत का निस्तारण कर दिया। पीड़ित ने लेखपाल व कानूनगो पर भी गोलमोल निस्तारण का आरोप लगाया है। पीड़ित अत्यन्त गरीब है।जैसे तैसे रकम इकठा करके प्लॉट खघ्रीदा था।पड़ोसी ने नींव भी भरनी शुरू की तो पीड़ित ने 112 डायल पर कॉल किया। प्लॉट पर अवैध निर्माण को रुकवाया तथा पुलिस ने कहा कि प्लॉट पर अब कोई काम नही होगा और जो तुमने जानवरों का चारा प्लॉट मे उगा रखा है। उसमे पीड़ित की मंशानुसार पानी मत लगाना। तभी विपक्षी ने तुरन्त मना कर दिया। अब इसमें कोई कार्य नही करेगा लेकिन कुछ दिन के बाद विपक्षी ने प्लॉट मे जो चारा के रखा है उसमे अपने घर में लगी पानी की मोटर से पानी लगा दिया लेकिन कब्जा नही हटाया। पीड़ित वेदप्रकाश ने जिले के आला अधिकारियों से उसकी जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उसका कब्जा कराने की गुहार लगाई है।

# थाना समाधान दिवस में आई दो शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने की। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।समाधान दिवस के दौरान कुल दो शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायत के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है।

कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने भी भरोसा दिलाया कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# घर की नींव में पानी भरने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**शाह टाइम्स संवादाता**

**शहजादनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर की नींव में पानी भरने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिसको लेकर महिला ग्रामीण ने अपनी शिकायत रामपुर पुलिस अधीक्षक से कर इंसाफ की गुहार लगाई है।

मामला थाना क्षेत्र के धमोरा गांव से जुड़ा है। गांव निवासी कमलेश पत्नी सुंदर लाल गांव में ही पति के साथ रहकर मेहनत मजदूरी करके अपनी गुजर बशर करती है। कमलेश ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में यह आरोप लगाया है। कि वह कुछ दिनों से गांव में ही अपना मकान बना रही है। जिसकी नींव खोदी तो उसकी परेशान रज्जो पत्नी गिरीश गुप्ता अपना पानी भर देती है। जिससे घर की दीवार बनने का कार्य बाधित हो जाता है।

कमलेश का कहना है कि इस मामले की शिकायत धमौरा चौकी पुलिस और ग्राम प्रधान से कई बार की जा चुकी हैं। जिसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

अगर पीड़िता कुछ कहती है तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हैं। साथ ही मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। जिसके चलते अब मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से तहरीर के आधार पर की है। गांव में मामला चर्च का विषय बना हुआ है।

# एन.बी. एंटरप्राइजेज के संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**टायर फैक्ट्री में बॉयलर फटने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलसे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली मिलक क्षेत्र के ग्राम ऐंजन खेड़ा स्थित एन।बी। एंटरप्राइजेज नामक टायर फैक्ट्री में दो दिन पूर्व हुए भीषण हादसे के मामले में फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे में चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे।

चौकी बड़ागांव प्रभारी जोर सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई लिखित तहरीर के अनुसार फैक्ट्री का संचालन वुंदन शाह उर्फ पप्पू, वाहिद अली, शहबाज अली व फहीम अली द्वारा किया जा रहा था। आरोप है कि फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं फायर सर्विस विभाग से बिना अनुम.ति लिए तथा मानकों के विपरीत अधोमानक बॉयलर का संचालन किया जा रहा था।

दिनांक 8 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 1 बजे बॉयलर फट गया, जिससे फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर बिल्लू पुत्र पाल, बुद्धसेन पुत्र मान.सिंह द्धनिवासी ग्राम खटेटा, थाना अलीगंज, बरेलीञ्ञ, श्याम पुत्र भुवनेश द्धनिवासी कस्बा ब, थाना शहजादनगर, रामपुरञ्ञ तथा कल्लू पुत्र चंद्रपाल द्धनिवासी कस्बा डोलना, जनपद कासगंजञ्ञ गंभीर रूप से झुलस गए।

घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में परिजन घायलों को निजी अस्पताल बरेली ले गए।


पुलिस का कहना है कि फैक्ट्री संच.ालकों द्वारा जानबूझकर लापरवाही बरतते हुए मजदूरों एवं आसपास के ग्रामीणों के जीवन और स्वास्थ्य को खतरे में डाला गया। चौकी बड़ागांव प्रभारी की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष ............ हिन्दी को वैश्विक सम्मान दिलाने में अटल जी का योगदान



**डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा**
**लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार**



**अटल** जी ने अपने भाषणों में हिंदी का प्रयोग करके वैश्विक स्तर पर हिंदी को सम्मान दिलाया। अटल जी को बचपन से ही हिन्दी से गहरा लगाव था क्योंकि उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपेई हिंदी और संस्कृत के विद्वान होने के साथ ग्वालियर रियासत के एक प्रख्यात कवि थे, उनके द्वारा रचित ईश्वर प्रार्थना रियासत के सभी स्कूलों में सामूहिक रूप से गाई जाती थी। इनके पितामह पंडित श्यामलाल बाजपेई हिंदी और संस्कृत दोनों भाषाओं के काव्य साहित्य के मर्मज्ञ थे जिनसे अटल जी को कविता और भाषा का संस्कार विरासत में प्राप्त हुआ। इसी की परिणिति थी कि अटल जी एक कुशल राजनेता के साथ ओजस्वी वक्ता और कवि थे। उनकी वाणी में अनोखा तेज, गहन चिंतन और भावुकता थी जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। उनकी भाषण शैली में काव्यात्मकता, व्यंग के साथ जनता के हृदय पर अमिट छाप छोड़ने का अनुपम गुण था। उनके भाषण में हिंदी का ओज इतना प्रबल था कि वह विरोधियों को भी अपने सम्मोहन में बांध लेते थे। उनका मानना था कि हिंदी मात्र भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा व संस्कृति की संवाहक है। अटल जी ने 4 अक्टूबर 1977 को विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी में भाषण दिया और यह पहला अवसर था, जब यूएन में हिंदी गूंजी और उनके भाषण के बाद पूरी सभा ने खड़े होकर तालियां बजाई जो हिंदी के लिए ऐतिहासिक व गौरवशाली क्षण था। उन्होंने कहा- अध्यक्ष महोदय, मैं भारत की जनता की ओर से राष्ट्र संघ के लिए शुभकामनाओं का संदेश लाया हूं। वसुधैव कुटुंबकम् की परिकल्पना बहुत पुरानी है। भारत का सदा से इस धारणा में विश्वास रहा है कि सारा संसार एक परिवार है। इस भाषण में उन्होंने शांति, मैत्री, मानव अधिकारों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर हिन्दी में अपनी स्पष्ट राय व्यक्त की।यह हिंदी की मिठास और ओज का प्रभाव ही था कि पूरे सदन ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इससे हिंदी को विश्व स्तर पर पहचान मिली। अटल जी के भाषणों की हिंदी सरल और प्रभावशाली थी।वे संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग करते थे जो भाषा को ओजस्विता प्रदान करते थे। 1996 में जब उनकी सरकार 13 दिनों में गिर गई, तब इस्तीफा से पहले उनके द्वारा दिया गया भाषण काव्य सम प्रतीत होता है जिसमें वे कहते हैं--सत्ता का खेल तो चलेगा, सरक.ारें आएंगी -जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी लेकिन यह देश रहना चाहिए। इस देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। ए वाक्य आज भी हमें प्रेरणा देते हैं जिसमें हिंदी की स्पष्टता और .ढ़ता का ओज स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है ।

1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए अटल जी ने कहा-- यह पुरुषार्थ के प्रकटीकरण के लिए नहीं था। हम शांति चाहते हैं लेकिन मजबूत भारत की शांति। हमारी शक्ति आक्रामकता के लिए नहीं, आत्मरक्षा के लिए है। इन शब्दों में हिंदी का ओज राष्ट्र की सु.ढ़ता को अभिव्यक्त करता है। अटल जी के भाषणों में व्यंग्य भी अद्भुत होता था। विरोधियों को हंसते-हंसते करारा जवाब भी देते थे। एक बार संसद में टोकने वाले को शाखामृग बंदर कहकर चुप कर दिया। हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाने से लेकर साहित्य रचनाओं तक उनका बहुआयामी योगदान है। उनकी कविताएं, भाषण, नीतिगत निर्णय हिंदी के विकास में मील का पत्थर साबित हुए। अटल जी बचपन से हिंदी के ओजस्वी कवि थे। अध्ययन के समय ताजमहल रचित कविता में ताज सौन्दर्य का वर्णन न करके उसके निर्माण में शोषण को चित्रित किया जो उनकी लीक से हटकर सोचने की कला को रेखां.कत करता है जिसका प्रकाशन हाईस्कूल पत्रिका में हुआ। उनकी कविताएं राष्ट्रप्रेम, जीवनदर्शन, संघर्ष और आशा की भावना से ओतप्रोत हैं। उनके कई कविता संग्रह प्रकाशित हुए हैं जैसे मेरी इक्यावन कविताएं 1995, क्या खोया क्या पाया 1999 और संघर्ष के बाद। उनकी कविताएं हिंदी काव्य की ओजस्वी परंपरा को जीवंत रखती हैं। उनकी कविताएं न केवल व्यक्तिगत प्रेरणा देती हैं बल्कि सामूहिक जोश उत्पन्न करती हैं। यह श्रोता के हृदय में उत्साह ,साहस, उमंग और दीप्ति का संचार करती हैं। आज भी इनकी कविताएं कवि सम्मेलन या भाषणों में पढ़ी जाती हैं तो लोगों में जोश का संचार करती है। गीत नया गाता हूं,कविता में हार न मानने का संकल्प ओज पूर्ण भाषा में व्यक्त हुआ हैरू टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी, अंतर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी, हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता हूं मिटाता हूं,गीत नया गाता हूं। यह कविता पढ़ते ही हृदय में उत्साह का संचार होता है जो ओज गुण की पहचान है। कदम मिलाकर चलना होगा, कविता सामूहिक संघर्ष और बलिदान की ओजपूर्ण पुकार है: बाधाएं आती हैं आएं घिरे प्रलय की घोर घटाएं, पांवों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हंसते-हंसते, आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा। यह कविता राष्ट्रीय एकता और बलिदान की भावना को जगाती है। ओज यहां सामूहिक पराक्रम के रूप में .ष्टिगोचर होता है। आओ फिर से दिया जलाएं, कविता अंधकार से लड़ने की प्रेरणा देती हैरू भरी दुपहरी में अंधियारा, सूरज परछाई से हारा, अंत.रतम का नेह निचोड़ें, बुझी हुई बाती सुलगाएं,आओ फिर से दिया जलाएं।इस कविता से हृदय में उत्साह का संचार होता है।दूध में दरार पड़ गई,खून क्यों सफेद हो गया? कविता विभाजन की त्रासदी की पीड़ा को उद्घाटित कर आजादी के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रेरित करती है। उनकी कविताएं सिद्ध करती हैं कि हिंदी केवल करुणा या श्रृंगार की भाषा नहीं, बल्कि वीरता और ओज की भाषा है।

अटल जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी मासिक राष्ट्र धर्म, साप्ताहिक पांचजन्य और दैनिक स्वदेशी और वीर अर्जुन का संपादन कर राष्ट्रीय विचारधारा को पोषित व पल्लवित किया तथा हिंदी को राजनीतिक चर्चा का विषय बनाया। उन्होंने हिंदी को साहित्य, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय मंच, और शिक्षा तक पहुंचने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी ओजपूर्ण कविताएं मानवमात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनके भाषणों में ओज के स्पष्ट रूप से दर्शन होते हैं जो हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि है। अटल जी ने पत्रकारिता, भाषणों,कविताओं और नीतियों के माध्यम से हिन्दी को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया जिससे विश्व में हिन्दी को पहचान मिली और भारत के युवा वर्ग में उसका सम्मान बढ़ा।

# गाली गलौच कर मारपीट करना, चाकूओं से हमला करने वाला वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तीन दिसंबर को वादी के प्रार्थना पत्र अभियुक्त गण 1.सलीम पुत्र अन्ना निवासी गली नं.01 करुला साबुन की फैक्ट्री के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2.अनीस पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मौहल्ला फत्तेहपुरी भोजपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद 3. अब्दुल अलीम पुत्र जीवू निवासी ग्राम सूरजापुर थाना कलैया चौक जिला मालदा पश्चिम बंगाल व 02 व्यक्ति अज्ञात द्वारा स्क्रैप (कचरे) के पैसे के लेन देन को लेकर एक राय मश्वरा होकर वादी के साथ लात घूसों व लाठी डंडों से मारपीट करना, चाकूओं से हमला करना व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देना व पैसे ले लेना तथा वादी के पैसे वापस नही करने के सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर मुकदमा



अपश्राध संख्या- 538/25 धारा-191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/131/316(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना टांडा पुलिस द्वारा अभियोग उपरोक्त के वांछित अभियुक्त अब्दुल अलीम पुत्र जीबू उपरोक्त को सूरजापुर स्कूल पाडा थाना कलैया चक जिला मालदा पश्चिम बंगाल से दिनांक 07.01.2026 को गिरफ्तार कर शनिवार को थाना टाण्डा लाकर दाखिल किया गया। पंजीकृत अभियोग का विवरण मुकदमा अपराध संख्या 538/25 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/131/316(2) बीएनएस।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण
1-अब्दुल अलीम पुत्र जीबू निवासी सूरजापुर स्कूल पाडा थाना कलैया चक जिला मालदा पश्चिम बंगाल।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण
उप निरीक्षक सन्त कुमार , हेड कांस्टेबल 221 अनिल कुमार, उप निरीक्षक सत्यम कुमार थे।

# रामपुर में 108 और 102 में एम्बुलेंस सेवा में भर्ती का आयोजन, सभी जिलों के युवाओं को मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में सरकारी एम्बुलेंस सेवाओं (108 और 102) के संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़े स्तर पर मैनपावर की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। एक निजी संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के लिए इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) और पायलट (एम्बुलेंस ड्राइवर) के पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। खास बात यह है कि इस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा/इंटरव्यू का आयोजन रामपुर जिले में किया जा रहा है। **सिर्फ पुरुष अभ्यर्थियों को मौका** भर्ती में प्रदेश के किसी भी जिले का निवासी युवा भाग ले सकता है। चयन के बाद तैनाती उसके आस पास के जिलों में दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया को दो अलग-अलग चरणों में बांटा गया है। ईएमटी के लिए 11 और 12 जनवरी को इंटरव्यू इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) बनने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 11 और 12 जनवरी 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। इस पद के लिए बायोलॉजी (वीजेडसी) से इंटरमीडिएट के साथ स्नातक, एएनएम, जीएनएम, बी-फार्मा या हेल्थकेयर में 2-3 साल का डिप्लोमा होना अनिवार्य है। आवेदक की उम्र 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ड्राइवर (पायलट) के लिए 13-14 जनवरी की तारीख तय

एम्बुलेंस चालक यानी पायलट के पदों के लिए 13 और 14 जनवरी को साक्षात्कार होंगे। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 8 वीं पास रखी गई है, लेकिन अभ्यर्थी के पास एलएमवी, कमर्शियल या एचएमवी ड्राइविंग लाइसेंस के साथ कम से कम 3 साल का ड्राइविंग अनुभव होना जरूरी है। झील मैदान में जुटेगी भीड़ साक्षात्कार की पूरी प्रक्रिया रामपुर के रिजर्व पुलिस लाइन स्थित झील मैदान में आयोजित की जाएगी। इंटरव्यू का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रहेगा। संस्था की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने साथ सभी मूल शैक्षणिक दस्तावेज (ओरिजनल डॉक्यूमेंटस), उनकी फोटोकॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो जरूर लेकर आएं। यह सभी नियुक्तियां निजी संस्था के मानव संसाधन नियमों के तहत की जाएंगी।

# बदमाश और लुटेरे के बीच मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से घायल, लिफ्ट में बुजुर्ग महिला का छीना था चेन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी 8 जनवरी को एक सोसाइटी की लिफ्ट में बुजुर्ग महिला से चेन लूटने के प्रयास के मामले में वांछित था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को बिसरख थाना पुलिस क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो वह भागने लगा और खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। घायल बदमाश की पहचान राहुल यादव निवासी हाथरस के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामद बाइक बिसरख थाना क्षेत्र से ही चोरी की गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल यादव वही बदमाश है, जिसने 8 जनवरी की शाम करीब 5 बजे ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ला रेजिडेंशिया सोसाइटी की लिफ्ट में हेलमेट पहनकर एक बुजुर्ग महिला से चेन लूटने का प्रयास किया था। महिला के शोर मचाने पर बदमाश मौके से फरार हो गया था। घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद सोसाइटी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे थे। पुलिस ने उसी समय इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी।पूछताछ में आरोपी ने चेन लूट की कोशिश करना स्वीकार कर लिया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। फिलहाल बदमाश पुलिस की निगरानी में अस्पताल में भर्ती है और आगे विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

### पुलिस के रोकने पर फायरिंग की, पैर में गोली लगने पर हुए घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दादरी पुलिस ने हरकेश हत्याकांड के दो इनामी बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिससे वे घायल हो गए। इन बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और इन्होंने कुछ दिन पहले ही गाड़ी हटाने के विवाद में हरकेश नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।

दादरी पुलिस को रात्रि में लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस ने जारचा की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। मुठभेड़ के दौरान अनुज, निवासी ग्राम चक्रसेनपुर, थाना दादरी, और सक्षम शर्मा, निवासी ग्राम ऊँचा हमीरपुर, थाना जारचा, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल, यह घटना रविवार रात की है। दादरी थाना क्षेत्र के ग्राम कैमराला निवासी हरकेश ग्रेटर नोएडा से अपने गांव लौट रहा था। गांव के पास गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोगों ने हरकेश और उसके दोस्त मोहित के साथ बेरहमी से मारपीट की। लाठी-डंडों से हुए इस हमले में हरकेश की मौत हो गई, जबकि मोि. हत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि अनुज और सक्षम शर्मा फरार चल रहे थे, जिन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ, पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल कुल छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया है। पुलिस पकड़े गए बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी भी जुटा रही है।

# आईटी इंजीनियर ने की आत्महत्या, सड़क हादसों में चार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के होशियापुर गांव में रहने वाले एक इंजीनियर ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके दोस्तों ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई है।

थाना सेक्टर -49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील भारद्वाज ने बताया कि प्रियदर्शनी रंजन तिवारी उम्र 26 वर्ष पुत्र राजीव रंजन तिवारी मूल निवासी जनपद गया बिहार नोएडा के होशियापुर गांव में किराए पर मकान लेकर अपने दोस्तों के साथ रहते थे। उनके अनुसार वह एक आईटी कंपनी में इंजीनियर थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उनके दोस्तों ने उन्हें फंदे से उतार कर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वीरपाल पुत्र भजनलाल उम्र 60 वर्ष निवासी जनपद बुलंदशहर रात को स्टेलर जीवन सोसाइटी के सामने पैदल जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि नसीम 23 वर्ष पुत्र फिदा हुसैन निवासी सरीता विहार दिल्ली तथा इरफान उम्र 20 वर्ष निवासी सरीता विहार दिल्ली मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि महामाया फ्लाईओवर के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दिया। अत्यंत गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर उपचार के दौरान नसीम की मौत हो गई, जबकि इरफान की हालत नाजुक बनी हुई है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-12 निवासी 31 वर्षीय हिमांशु अग्निहोत्री और हरियाणा के सोनीपत जिले के अशोक नगर निवासी 26 वर्षीय गौरव छाबड़ा जेवर कस्बे में किराये के मकान में रहते थे। दोनों जेवर के थोरा गांव स्थित एक निजी बैंक की शाखा में कार्यरत थे।

रोजाना की तरह दोनों अपनी बाइक पर सवार होकर जेवर से बैंक जा रहे थे। जब ये नीमका खाजपुर गांव के पुल के पास पहुंचे, तो तेज रफ्तार कार ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखचे उड़ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु अग्निहोत्री और गौरव छाबड़ा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक रबूपुरा के नगला शाहपुर गांव निवासी विशाल सिंह को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दूषित पानी की शिकायतों पर जांच शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में पानी, सीवर और ड्रेन की रैंडम जांच शुरू हो गई है। दूषित जलापूर्ति की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने यह निर्णय लिया है। उनके निर्देश पर वर्क सर्किल के अनुसार 8 टीमें गठित की गई हैं, जो चार दिनों तक यह अभियान चलाएंगी।

इस अभियान के तहत जलापूर्ति लाइनों में लीकेज, सीवर चोकिंग/ओवरफ्लो तथा ड्रेन-सीवर-पानी कनेक्शन प्वाइंट्स की गहन जांच की जा रही है। प्राधिकरण ने श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की दो टीमें भी तैनात की हैं, जिन्होंने अपनी रैंडम जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग की 8 टीमों ने पहले दिन 20 से अधिक स्थानों पर जांच की। टीमों ने अपने साथ टीडीएस मीटर, पीएच और क्लोरीन किट जैसे जांच उपकरण रखे थे। प्रारंभिक जांच में सप्लाई के पानी में सभी मानक अनुरूप पाए गए हैं। प्राधिकरण की टीमों ने सेक्टर-1, 2, 4, 16, 16बी, नॉलेज पार्क-3, इरोज संपूर्णनम सोसाइटी, ऐस सिटी और पंचशील हाइनिश जैसी जगहों पर जांच की। वहीं, श्रीराम लैब की टीम ने डेल्टा वन के डी ब्लॉक, डेल्टा थ्री के एफ ब्लॉक, अल्फा वन के डी ब्लॉक, अल्फा टू, बीटा टू के एफ ब्लॉक, गामा वन, ईटा वन, थीटा और चाई फोर सहित विभिन्न यूजीआर और पंपिंग स्टेशनों से नमूने लिए हैं। प्राधिकरण ने श्रीराम लैब की टीम से जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है। हालांकि, लैब ने जांच प्रक्रिया पूरी करने में 10 से 12 दिन का समय लगने की बात कही है।

### एक नजर

## नोएडा एक्सप्रेस-वे के नीचे बनेंगे दो अंडरपास

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बनने वाले दो अंडरपास का काम दस दिन में शुरू हो जाएगा। झट्टा अंडरपास के निर्माण पर 99 करोड़ 74 लाख और सुल्तानपुर अंडरपास पर 81 करोड़ 61 लाख रुपए खर्च अनुमानित है। दोनों अंडरपास बनने से करीब 30 सेक्टर और 20 गांवों के हजारों लोगों को फायदा होगा। यहां पर निर्माण शुरू करने से पहले करीब 330 पेड़ों को स्थानांतरित करने और काटने का काम शुरू कर दिया गया है। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर एक अंडरपास सेक्टर-128 सुल्तानपुर और दूसरा सेक्टर-168 झट्टा गांव के सामने बनाया जाएगा। इनके निर्माण की जिम्मेदारी पिछले साल जुलाई महीने में सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन को दी जा चुकी है। दोनों अंडरपास खुदाई कर बनाए जाएंगे। शर्तों के अनुसार काम शुरू होने के बाद 18 महीने में निर्माण कार्य पूरा करना होगा। एजेंसी का चयन हुए करीब छह महीने हो चुके हैं,लेकिन अब जाकर काम में रुकावट बन रही चीजों को हटाने का काम शुरू किया गया। यहां पेड़ों के साथ बिजली के केबल भी शिफ्ट होने हैं। इसके बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

**यहां बनेगा अंडरपास:** सुल्तानपुर गांव के सामने बनने वाला अंडरपास सेक्टर-128, 129, 132 और 108 के बीच बनेगा। वहीं, झट्टा अंडरपास सेक्टर-145, 146, 155 और 159 में बनेगा। सुल्तानपुर अंडरपास की लंबाई 731 तो झट्टा अंडरपास की लंबाई 800 मीटर होगी।

## मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश का एक और मौका

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने के इच्छुक कंपनियों के लिए अच्छा मौका है। अलग-अलग आकार के 22 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें 12 जनवरी से आवेदन किया जा सकेगा। आखिरी तारीख 11 फरवरी है। यीडा सिटी के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यह सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। यहां चिकित्सा उपकरण से संबंधित कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 101 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से एक कंपनी क्रियाशील हो चुकी है। बाकी को मौके पर कब्जा दिया जा चुका है। प्राधिकरण का प्रयास यहां देश-विदेश की बड़ी कंपनियों को लाने का है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक 1000, 2100 और 5940 वर्गमीटर के 22 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें सबसे ज्यादा 11 भूखंड 1000 वर्गमीटर के हैं। वहीं, 2100 वर्गमीटर के नौ और 5940 वर्गमीटर के दो भूखंड हैं। इसमें ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी से किए जा सकेंगे।

**ये सुविधाएं मुहैया होंगी:** यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क में कॉमन टूलिंग रूम, 3डी डिवाइजन, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एंड टूलिंग मेकाट्रोनिक जोन, इलेक्ट्रॉनिक एसेंबली फैसिलिटी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस ब्लॉक, एक्सपोर्ट एंड प्रमोशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर, कॉमन ऑफिस कॉम्प्लेक्स, शोरूम, सेंट्रल वेयरहाउस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम एंड डिजाइन फैसिलिटी, सेंसर टेस्टिंग आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस पर तेजी से काम चल रहा है।

## एनएमआरस के कार्यकारी निदेशक को पद से हटाया गया

- **प्राधिकरण के एसीईओ कृष्णा करुणेश को दिया प्रभार, कैलेंडर पर छपी फोटो बनी वजह**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक महेंद्र प्रसाद को उनके पद से हटा दिया है। इस पद की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को दी गई है। वे नोएडा प्राधिकरण साथ अब नोएडा मेट्रो की जिम्मेदारी भी देखेंगे। हालांकि प्राधिकरण अधिकारी इसे रूटीन फेरबदल बता रहे है। लेकिन असल वजह एनएमआरसी के 2026 का केलेंडर हो सकती है। दरअसल इस केलेंडर में तत्कालीन एनएमआरसी के निदेशक महेंद्र प्रसाद और नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी लोकेश एम की फोटो छपी है। ये फोटो उस महीने के पेज पर है जब अधिकारियों का जन्म दिन है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि ये तस्वीर उनकी बिना अनुमति के छापी गई है। इसके लिए संबंधित को शो कॉस नोटिस जारी किया गया है। साथ ही केलेंडर की प्रिंटिंग तक रुकवा दी गई है।

**क्या है केलेंडर में इसे देखे:** कैलेंडर के अप्रैल महीने के पेज पर एनएमआरसी के एमएडी और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की दो तस्वीरें हैं। इनमें से एक तस्वीर में वह सितार बजाते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी में वह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। लोकेश एम 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उनका जन्मदिन 3 अप्रैल को पड़ता है।इसी तरह जुलाई महीने के पन्नों पर छडत्ब के कार्यकारी निदेशक और नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी महेंद्र प्रसाद की दो तस्वीरें छपी हैं। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी महेंद्र प्रसाद का जन्मदिन 5 जुलाई को होता है।

# अवैध रूप से गांजा व शराब बेच रहे दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में अवैध रूप से गांजा व शराब बेचने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा और 32 अद्धा देसी शराब बरामद किया है।



थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक नवीन तोमर ने एक सूचना के आधार पर देवेश मिलवानी पुत्र मोहन को तिकोनिया पार्क सेक्टर-27 के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से मादक पदार्थ नोएडा में बेच रहा था। यह बदमाश दिल्ली से गांजा लाकर नोएडा के विभिन्न जगहों पर बेचता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य आपराधिक मामले में थाना पुलिस ने डीएलएफ मॉल के पास से रामराज पुत्र घनश्याम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 32 अद्धा देसी शराब बरामद किया है। अभियुक्त से पूछताछ के दौरान पता चला है कि यह काफी दिनों से अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के धंधे में संलिप्त है।

# मादक पदार्थ तस्कर नोएडा में बना रहे पंजाब जैसे हालात

- **थाना फेस वन क्षेत्र में चल रह मादक पदार्थ तस्करों का अवैध कारोबार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मादक पदार्थ तस्कर हर तरह के नशे की खेप को नोएडा में खपा रहे हैं। नशे की गिरफ्त में युवाओं को भी लाया जा रहा है। युवाओं से नाबालिग तक भी नशे की पहुंच हो रही है। इस तरह से मादक पदार्थ तस्कर नोएडा में पंजाब जैसे हालात बना रहे हैं। यह आने वाली पीढ़ी के लिए खतरनाक है।



होशियारपुर के लक्की की मौत भी नशेबाज युवकों के प्रभाव में आकर इजेंक्शन की ओवरडोज लेने से हुई। नोएडा में नशेबाज युवाओं के छोटे-छोटे ग्रुप सक्रिय हो रहे हैं। वह नशा तस्करी के साथ-साथ नाबालिगों को भी नशे की लत लगा रहे हैं। तस्करों के सक्रिय होने के पीछे कारण गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में एंटी नारकोटिक्स सेल का निष्क्रिय होना है। सेल महज कागजी साबित हो रही है, जबकि सेल का काम नशे के अवैध कारोबार से जुड़े आरो. पितों को चिह्नित कर उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। तस्कर ओडिशा, विशाखापत्तनम, बंगाल के अलावा पहाड़ी क्षेत्रों के नेटवर्क से जुड़कर मादक पदार्थों तक पहुंच बनाए हुए हैं। वह ट्रेन, ट्रक आदि में माल के बीच छिपाकर मादक पदार्थ लाते हैं। यहां लाकर नोएडा में बड़े गिरोह को बेचा जाता है। गिरोह से गांजा छोटे-छोटे तस्करों को उपलब्ध होता है।

**इस थाना क्षेत्रों में आ चुके कई मामले:** फेज वन नोएडा का नम्बर वन, सेक्टर 63, फेज तीन, सेक्टर 49, सेक्टर 39, फेज दो आदि थाना क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं से गांजा बिकवाने के मामले सामने आ चुके हैं। चिंता की बात यह है कि नोएडा में नाबालिग के हाथों तक नशे की पहुंच हो रही है। यह बच्चे पढ़ाई छोड़कर अपराध करने की ओर मुड़ रहे हैं। होशियापुर के लक्की के मामले के अलावा पिछले माह नोएडा स्टेडियम के पास नाबालिग ने किराये की थार कार से वाहनों को टक्कर मारी थी। उस मामले में भी यह बात सामने आई थी। नाबालिग ने अपने घर से 12 लाख रुपए के गहने चोरी किए थे। वारदात को अपने नशेबाज साथियों की मदद से अलमारी काटकर अंजाम दिया था। इस तरह की घटनाएं सामने आने पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर नाबालिग तक नशे की पहुंच होने के लिए कौन जिम्मेदार है।

**इन मादक पदार्थों की हो रही आपूर्ति:** गौतमबुद्ध नगर में तस्कर चरस, स्मैक, हेरोइन, नशीली गोलियां, एमडीएमए, नशीला पाउडर, अल्प्राजोलम पाउडर, इलेक्ट्रानिक सिगरेट, गांजा की आपूर्ति कर रहे हैं। जिले में ओजी गांजा उगाकर डार्क वेब तक भी बेचा जा रहा है।

**6865 किग्रा मादक पदार्थ किए जब्त:** गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2023 से नवंबर 2025 तक 1.46 अरब रुपए कीमत के 6865 किग्रा मादक पदार्थ पकड़े जा चुके हैं। 2023 में 585 मामले दर्ज किए गए। इनमें 674 तसकरों को आरोपित बनाया गया, जबकि 660 तस्करों को जेल भेजा गया। 2024 में 502 और 2025 में 458 मुकदमे दर्ज कर 1095 तस्कर आरोपित बनाए गए। 82 तस्करों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोलने व रासुका लगाने की कार्रवाई की गई।

# मजदूर पर गोली चलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महीने पहले मजदूर को गोली मारकर घायल करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी विवेक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना किसान आदर्श इंटर कॉलेज के पास स्थित विवादित प्लॉट को लेकर हुई थी। आरोप है कि कस्बा निवासी विवेक ने अपने पिता और कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर नवादा गांव निवासी मजदूर अमित पर हमला किया और उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद प्लॉट के मालिक राकेश नागर ने विवेक सहित चार लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मुख्य आरोपी विवेक तब से फरार था, लेकिन लगातार दबिश के बाद शनिवार को उसे भी पकड़ लिया गया।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# जिले में 11 लाख वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की लगभग 11 लाख गाड़ियां में हाई सिक्योरिटी नंबर लग गई है। इनमें नई और वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत, दोनों तरह की गाड़ियां शामिल हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुता. बिक जिन गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है, उनमें से ज्यादातर समयसीमा पूरी कर चुकी हैं। ऐसे में इन गाड़ियों में हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग सकती है। जिले में लगभग 12 लाख गाड़ियां पंजीकृत हैं। इनमें निजी वाहनों की संख्या अधिक हैं। इनमें भी दोपहिया वाहन ज्यादा है। इनमें से करीब 11 लाख गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग चुकी हैं।

एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने बताया कि नई गाड़ियों में वाहन डीलर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगा कर दे रहे हैं। वहीं, पुरानी गाड़ियों में पोर्टल पर आवेदन करके लोग या तो घर बैठे अथवा वाहन को डीलर के पास में ले जाकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह वाहन जो समयसीमा पूरी कर चुके हैं, उन गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग सकती। होलोग्राम और लेजर कोड से वाहन की जानकारी निकाली जा सकती है: हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को एल्यूमि. नियम से बनाया जाता है। प्लेट पर बाईं ओर एक होलोग्राम लगाया जाता है इसके अलावा प्लेट पर यूनिक कोड होता है जिसे लेजर कोड कहा जाता है। इनकी खास बात यह है कि होलोग्राम और लेजर कोड के जरिए उस गाड़ी की पूरी जानकारी निक. ाली जा सकती है। इसके साथ ही इस कोड को प्लेट से हटाया भी नहीं जा सकता।

इतना ही हीं चोरी होने के बाद वाहन पर ऐसी प्लेट को नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा अगर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो फिर वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी ली जा सकती है। यहां कर सकते हैं आवेदन परिवहन विभाग के अनुसार दो पोर्टल पर वाहन मालिक हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें .इववा. उलीतच.बवउ और .डांमउलीतच. बवउ है। इन दोनों पोर्टल पर अलग-अलग कंपनियों के वाहनों के लिए हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट बुक करने की सुविधा है। नंबर प्लेट का शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना है। इन पोर्टल पर नंबर प्लेट को ट्रैक करने की सुविधा भी उपलब्ध है। नंबर प्लेट का फ्रेम भी पोर्टल से खरीद सकते हैं।

# मासूम समेत दो लोग जले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाला एक 4 वर्षीय मासूम बच्चा अपने घर पर जल गया। बच्चे के परिजनों के अनुसार भगौने में खाना बनाकर रखा हुआ था। बच्चा खेलते हुए भगौने के पास गया तथा गरम खाना उसके ऊपर गिर गया। इसके अलावा थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाला एक 32 वर्षीय व्यक्ति रात को अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार मामूरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का 4 वर्षीय बेटा कार्तिक सिंह रात को अपने घर पर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह किचन में पहुंच गया। उसकी मां ने खाना बनाकर भगौने में रखा हुआ था। बच्चे का हाथ भगौने पर लगा तथा उसके ऊपर गरम खाना गिर गया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से जल गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसको दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि बरौला गांव में रहने वाले राजवीर पुत्र बद्री प्रसाद उम्र 32 वर्ष रात को अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लौदाना से नोएडा तक बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एक नई पहल की गई है। गांव लौदाना से नोएडा बस स्टेशन तक परिवहन बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस सेवा से क्षेत्र के हजारों लोगों को सुगम और किफायती आवागमन की सुविधा मिलेगी।



जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह बस सेवा गांव लौदाना से शुरू होकर छपना मोड़, कस्बा जहांगीरपुर, बंकापुर, नीमका, जेवर, जेवर कट, दयानतपुर, फलैदा, खेड़ा मोड़, मिर्जापुर, दनकौर, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, परीचौक और बॉटनिकल गार्डन होते हुए सेक्टर-37 नोएडा तक संचालित होगी। यह बस ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे नोएडा जैसे बड़े शहरी केंद्र से जोड़ेगी। यह परिवहन सेवा विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में मदद करेगी। साथ ही, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी दैनिक आवागमन में राहत मिलेगी। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के लिए यह बस सेवा महत्वपूर्ण साबित होगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बस सेवा से उनके समय और धन दोनों की बचत होगी। जेवर विधानसभा क्षेत्र में जनसुविधा और विकास की दिशा में यह एक और कदम है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोट के कारण वस्त्रकर दो हफ्ते के लिए डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और आरसीबी की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। आरसीबी ने 2026 सीजन का अपना पहला मैच शुक्रवार रात को खेला, जिसमें उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक आखिरी ओवर में तीन विकेट से हराया। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे लगता है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिलीज होने से दो दिन पहले, दुर्भाग्य से उनकी हैमस्ट्रिंग में खिचाव आ गया। अभी हमारे पास जो जानक. ारी है, उसके अनुसार उन्हें दो हफ्ते और लगेंगे।

### पीठ की चोट के कारण जोआओ फोन्सेका एडिलेड में नहीं खेल पाएंगे

**एडिलेड, वार्ता।** जोआओ फोन्सेका ने एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस लेने के बाद अपने 2026 सीजन की शुरुआत और टाल दी है। 19 साल के ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया था, और अब वह इसी वजह से एडिलेड में एटीपी 250 में भी नहीं खेलेंगे। फोन्सेका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दुर्भाग्य से मैं यहां नहीं खेल पा रहा हूं। यह फैसला लेना मुश्किल है। मुझे लगा कि जिन दिनों हम प्रैक्टिस कर रहे थे, हर दिन थोड़ा बेहतर महसूस हो रहा था, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि मैं सौ प्रतिशत ठीक हूं। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए सौ प्रतिशत ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो हमारा मुख्य लक्ष्य है। वह फैसला अभी नहीं लिया गया है।

### ओलंपियन दविंदर सिंह गरचा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी का हिस्सा रहे विजेता दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी इकबाल सिंह संधू ने दविदर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि उनके अंतिम संस्कार की तारीख और समय अभी तय नहीं हुआ है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शोक. ाकुल परिवार के सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत और शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। सात दिसम्बर 1952 को जन्मे गरचा उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 1980 के समर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल छह ओलंपिक मैचों में आठ गोल किए थे और सिर्फ तीन टूर्नामेंट खेलकर 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 19 गोल किए थे।

# भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती




## आज कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा पहला वनडे

**वडोदरा, वार्ता।** भारत का न्यूजीलैंड के साथ घरेलू हालात में खेलना, खासकर वनडे फॉर्मेट में, एक तरह से जाना-पहचाना एहसास है। रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1-30 बजे शुरू होने वाला पहला वनडे , भारत को यह दिखाने का एक और मौका देगा कि वे अपनी जमीन पर इतनी मजबूत ताकत क्यों रहे हैं।

न्यूजीलैंड को भारत का अपना पिछला वनडे दौरा ज्यादा याद नहीं रहेगा। 3-0 से व्हाइटवॉश ने अपनी कहानी खुद बयां की, और यह पैटर्न जारी रहा, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच पिछले पांच वनडे में से हर एक जीता। नंबर झूठ नहीं बोलते, और क्रिकेट में, वे अक्सर पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही कहानी बता देते हैं।

भारत इस सीरीज में एक मजबूत होम रन के दम पर आ रहा है। हाल ही में चार घरेलू वनडे सीरीज जीत चमक के बजाय कंसिस्टेंसी की बात करती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने दम और मैच्योरिटी दोनों दिखाई - दो बार 300 पार किया और फिर आखिरी मैच में नौ विकेट हाथ में रहते हुए शांति से 271 का टारगेट चेज किया। इस तरह का परफॉर्मेंस बताता है कि बैटिग यूनिट को पता है कि कब अटैक करना है और, इससे भी जरूरी बात, कब पीछे हटना है। विराट कोहली, एक बार फिर डटे रहे। उस सीरीज में उनके 302 रन, जिसमें दो सेंचुरी और एक नाबाद हाफ सेंचुरी शामिल थी, यह याद दिलाते हैं कि क्लास, जब भूख के साथ मिल जाए, तो खतरनाक चीज होती है। कोहली उन फेज में से एक में दिखते हैं जहां दिमाग के फैसला करने से पहले ही बल्ला बीच में आ जाता है। भारत को वनडे वाइस-कैप्टन श्रेयस अय्यर की वापसी से भी बढ़ावा मिला है, जो स्प्लीन इंजरी से ठीक होकर वापस आए हैं। उनकी मौजूदगी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती है, जो शुरुआती विकेट गिरने पर बहुत कीमती हो जाती है। मोहम्मद सिराज की वापसी से पेस अटैक मजबूत हुआ है, जबकि शुभमन गिल के शामिल होने से भारत को टॉप और मिडिल में एलिगेंस और भरोसा दोनों मिला है। हालांकि, न्यूजीलैंड सिर्फ नंबर बनाने के लिए नहीं आ रहा है। 2025 में भारत से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल हारने के बाद से, उन्होंने चुपचाप मोमेंटम बनाया है, और अपने पिछले नौ वनडे में बिना हारे रहे हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार तीन 3-0 की सीरीज जीत ने उन्हें इस टूर से पहले कॉन्फिडेंस दिया है, भले ही पक्का नहीं। डेवोन कॉनवे का फॉर्म विजिटर्स का हौसला बढ़ाएगा। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ बैटिंग चार्ट में टॉप पर रहे, जबकि काइल जैमीसन के उस सीरीज में सात विकेट ने दिखाया कि जब कंडीशन ज्यादा मददगार नहीं होतीं, तब भी वह बाउंस और मूवमेंट निकालने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। कई नए चेहरों को लाने से पता चलता है कि न्यूजीलैंड आगे की सोच रहा है, सिर्फ जाने-पहचाने नामों पर निर्भर रहने के बजाय गहराई बना रहा है। एसए20 कमिटमेंट्स की वजह से केन विलियमसन के न होने पर, माइकल ब्रेसवेल ने कप्तानी की, यह रोल उन्होंने शांति से और अच्छे से निभाया है।

पिछली बार जब ए दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली थीं, तो न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल और ब्रेसवेल की हाफ-सेंचुरी की वजह से 7 विकेट पर 251 रन बनाए थे।

भारत ने जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर जवाब दिया, जिसमें रोहित शर्मा के शांत 76 रन ने चार विकेट से जीत की नींव रखी। यह सोच की साफ सोच पर आधारित चेज था, जो इस भारतीय टीम की पहचान बन गई है। रविवार के मैच में, भारत यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के साथ ओपनिग करने की उम्मीद है। जायसवाल की हालिया नाबाद सेंचुरी एक युवा बल्लेबाज के बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाती है, जबकि रोहित के नंबर एक ऐसे खिलाड़ी की बात करते हैं जो पारी को ज्यादातर लोगों से बेहतर तरीके से चलाता है।

### गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को दिया 208 रनों का लक्ष्य

**नवी मुम्बई, वार्ता।** कप्तान एश्ले गार्डनर (65), अनुष्का शर्मा (44) और सोफी डिवाइन (38) की शानदार पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स महिला ने शनिवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज महिला को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया। यहां यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स महिला के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सोफी एकल्सटोन ने बेथ मूनी (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान एश्ले गार्डनर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 17वें ओवर में डिएंड्रा

## प्रसन्ना बेंद्रे ने टांडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**● प्रसन्ना बेंद्रे ने दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराया**

**दीव, वार्ता।** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के स्टार पेंचक सिलाट खिलाड़ी प्रसन्ना बेंद्रे ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अपने घरेलू मैदान पर टांडिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रसन्ना बेंद्रे अपने स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वजन वर्गों में हुए अंतिम समय के बदलाव ने उनके सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। या तो उन्हें अधिक ऊंचे वजन वर्ग में उतरना था या फिर खेलों से बाहर रहना था। प्रतियोगिता में सिर्फ 20 दिन शेष थे और प्रसन्ना को 40-45 किग्रा से सीधे 50-55 किग्रा वजन वर्ग में जाना पड़ा। इसका मतलब था कि उन्हें खुद से कहीं ज्यादा भारी और ताकतवर खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना था। 23 वर्षीय प्रसन्ना बेंद्रे ने हार मानने के बजाय चुनौती को स्वीकार किया और दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराकर लगातार दूसरी बार टांडिग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैच के बाद प्रसन्ना ने कहा कि खेलों से पहले मैं श्रीनगर में नेशनल कैंप में था। लौटने के बाद पता चला कि मेरा नियमित वजन वर्ग (40-45 किग्रा) केआईबीजी 2026 में नहीं है और खेल शुरू होने में सिर्फ 20 दिन बचे हैं। मेरे पास विकल्प नहीं था, इसलिए मुझे अगले वजन वर्ग के लिए तैयारी करनी पड़ी। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मेरे प्रतिद्वंद्वी उसी वजन के अभ्यस्त थे और स्वाभाविक रूप से ज्यादा मजबूत थे। वजन बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने आहार में बदलाव किया।

## स्विट्जरलैंड पहली बार फाइनल में

**सिडनी, वार्ता।** बेलिडा बेंसिक ने शनिवार को सिडनी की चिलचिलाती गर्मी में बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया।

एलिस मर्टेंस के खिलाफ शुरुआती सिगल्स में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में जीतने के बाद, बेंसिक ने जैकब पॉल के साथ मिलकर टूर्नामेंट का अपना तीसरा निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मैच जीता, जिसमें उन्होंने मर्टेंस और जजिू बर्ग्स को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया। दूसरे सेट में सिर्फ 12 अंक जीतने के बाद उन्होंने वापसी की। 28 साल की बेंसिक, जो 21 महीने की बेटी बेला की मां हैं, ने इस इवेंट में सभी चार सिगल्स और सभी चार मिक्स्ड डबल्स मैच जीते हैं। शनिवार के मिक्स्ड डबल्स के पहले सेट में, बेंसिक ने अपनी सर्विस पर दोनों निर्णायक अंक जीते, जब मर्टेंस रिटर्न को

**● बेलिडा ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया**

कोर्ट में नहीं डाल पाईं। डबल्स वर्ल्ड नंबर 81 पॉल, जिन्होंने पिछले साल सिर्फ छह टूर-लेवल डबल्स मैच जीते थे, ने मौके का फायदा उठाया, आत्मविश्वास के साथ पोचिग की और महत्वपूर्ण पलों में कई डाउन-द-लाइन विनर्स लगाए।

रविवार को केन रोजवॉल एरिना में होने वाले फाइनल में, स्विस टीम का मुकाबला आज रात के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा, जो डिफेंडिग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स और दो बार के फाइनलिस्ट पोलैंड के बीच होगा। आठ जीत के साथ टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, बेंसिक ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों, खासकर अपने अनजाने मिक्स्ड पार्टनर पॉल की तारीफ की। बेंसिक ने कहा कि टीम स्पिरिट बहुत अच्छी है और यह कप्तान से शुरू होती है। वह मेरे पूरे मैच में मेरा सपोर्ट कर रहा था और फिर वह अपना मैच खेलने गया और फिर डबल्स में सपोर्ट करने के लिए वापस आ गया। यह उससे शुरू होता है लेकिन फिर हमारे बेंच से मिली एनर्जी से हमें जीतने की ऐसी भावना मिलती है। इससे पहले, बर्ग्स ने सिडनी की 41 डिग्री की भीषण गर्मी में स्टैन वावरिका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर बेल्जियम-स्विट्जरलैंड यूनाइटेड कप सेमीफाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स में पहुंचा दिया। दिन के पहले मैच में, बेंसिक ने यूनाइटेड कप में अपने अजेय सीजन-ओपनिग रन को नाटकीय अंदाज में बरकरार रखा, क्योंकि उन्होंने एलिस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

## हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : नजमुल हुसैन शांतो



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ऐक्ट करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं।

पिछली बार (टी-20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ए सब चीजें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीजें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीजें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें।

## सबालेंका लगातार तीसरे साल फाइनल में



**● मुचोवा को हराने के बाद आज ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेगी आर्याना सबालेंका**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शनिवार को सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराने के बाद रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेंगी।

सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल बिना कोई सेट गंवाए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। शनिवार की इस जीत ने सबालेंका का 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में खेले गए सभी सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाए रखा है और इस दौरान देश में उनके रिकॉर्ड में 37 जीत और दो हार का सुधार हुआ है। सबालेंका, जो चार साल बाद जनवरी में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, ने शनिवार को ब्रिस्बेन में अब तक का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला, जिसमें उन्होंने 32 विनर लगाए और अपनी पहली सर्व पर 88 प्रतिशत पॉइंट जीते।

मैच के बाद कोर्ट पर सबालें. का ने कहा कि मैंने सच में बहुत मेहनत की है और उसके खिलाफ हर मैच जीतने का एक और मौका है, और मैं बहुत खुश हूं कि आज वो दिन था जब मैं जीत पाई। सबा. लेंका रविवार के फाइनल में मार्टा क्वोयुक से खेलेंगी। यूक्रेन की दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी क्वोयुक ने सेमीफाइनल में छठी रैंक वाली जेसिका पेगुला को 55 मिनट में 6-0, 6-3 से हराया। यह गुरुवार और शुक्रवार को क्रमशः राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर तीन अमांडा एनिसिमोवा और नंबर नौ मीरा एंड्रीवा पर क्वोयुक की सीधे सेटों में जीत के बाद हुआ है। क्वोयुक ने पेगुला के खिलाफ पहले 19 में से 17 अंक जीते, जिसमें लगातार 13 अंकों की एक स्ट्रीक भी शामिल थी, जिससे वह 10 मिनट में 4-0 की बढ़त बनाने में कामयाब रहीं। पेगुला को अगले गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट मिला, लेकिन क्वोयुक ने नेट पर बैकहैंड ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। क्वोयुक दूसरे सेट में फिर से 3-0 से आगे हो गईं, इससे पहले कि पेगुला पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं, हालांकि अमे. रिकी खिलाड़ी मैच में वापस आने के लिए सर्विस ब्रेक नहीं कर पाईं क्योंकि क्वोयुक ने अपने चौथे ऐस के साथ अपना पहला मैच पॉइंट जीता।

## मलेशिया ओपन में सिंधु सेमीफानइल में हारी




**● हार के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हुआ**

**मलेशिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शनिवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में महिला एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इसी के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए सेमीफाइनल में विश्व बैडमिटन रैंकिंग में नंबर 18 पर मौजूद पीवी सिंधु महिला एकल में दूसरे नंबर पर मौजूद चीन की वांग झेई से 21-16, 21-15 से हार गईं। पहला गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती पलों में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन पीवी सिंधु की बिना वजह की गलतियों ने वांग झेई को 14-14 से आगे बढ़कर 18-14 की बढ़त बनाने का मौका दिया और फिर उन्होंने जीत के साथ गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम की शुरुआत में वांग झेई ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त ले ली। ब्रेक के बाद वांग झेई ने फिर से वापसी की, क्योंकि सिंधु की कई बिना वजह की गलतियों ने चीनी शटलर को मैच में पकड़ बनाने का मौका दिया और उन्होंने सीधे गेम में मैच खत्म कर दिया। यह वांग झेई के खिलाफ छह मैचों में पीवी सिंधु की तीसरी हार है। सिंधु की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। पीवी सिंधु, बाकी भारतीय दल के साथ मंगलवार को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले इंडियन ओपन 2026 में एक्शन में दिखेंगी।

## मेदवेदेव ब्रिस्बेन खिताब से दो कदम दूर



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को धीमी शुरुआत से उबरने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड खिलाड़ी को शुरू में पहले सेट में लकी लूजर कामिल माजच्रजाक ने पछाड़ दिया था, लेकिन उन्होंने 6-7(4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अधिक आक्रामक तरीका अपनाया।

मेदवेदेव, जो 2019 में ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र

**● मेदवेदेव, जो 2019 ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे**

पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे, 2025 के शानदार अंत के बाद इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला मैच था। मैं ईमानदारी से कहूंगा कि शॉट बनाने के मामले में यह टॉप 10 मैच था।मैं खुद से खुश हूं, मैं शांत रहने और मैच जीतने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट लगाने में कामयाब रहा। हार्ड कोर्ट पर अपने 52वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, मेदवेदेव ने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक सेमीफाइनल के लिए गाएल मोंफिल्स के साथ अपनी बराबरी तोड़ दी, जो केवल नोवाक जोकोविच (127) से पीछे हैं।

माजच्रजाक के खिलाफ, मेदवेदेव ने निर्णायक सेट में सर्व पर सिर्फ पांच अंक गंवाए। मेदवेदेव अब एलेक्स मिशेलसेन से खेलेंगे, जिन्होंने हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6(7) से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 50वीं टूर-लेवल जीत हासिल की। मिशेलसेन सर्व के पीछे बहुत मजबूत थे, उन्होंने जिस एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का सामना किया, उसे बचाया, लेकिन एक घंटे, 39 मिनट के उनके मुकाबले के दौरान कोर्डा की 37 अनफोर्स्ड गलतियों से उन्हें काफी मदद मिली।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने बनाए 374/8




**● वैभव, विहान, ऐरन और कुंडु की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने अभ्यास मुकाबले में विशाल स्कोर बनाया**

**बुलावाया, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (96), विहान मल्होत्रा (77), ऐरन जॉर्ज (61) और अभिज्ञान कुंडु (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप अभ्यास मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 374 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां टॉस जीतकर स्कॉटलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की अंडर-19 के लिए आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में ओली जोन्स ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 22 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 17वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा, जब वह शतक से महज चार रन पीछे थे। उन्हें मनु सारस्वत ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 96 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में जॉर्ज कटलर ने ऐरन जॉर्ज 58 गेंदों में (61) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु ने 95 रन जोड़े। ओली जोन्स ने विहान मल्होत्रा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विहान मल्होत्रा ने 81 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 77 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडु 48 गेंदों में 55 और कनिष्क चौहान तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली जोन्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय रनों पर रोक लगाई और उनके विकेट भी झटके।

### कर्नाटक चैंपियन, तमिलनाडु दूसरे और मणिपुर तीसरे स्थान पर

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक की अशिमता चंद्रा और ध्रुपद रामकृष्ण ने शनिवार को यहां घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की पांच किमी ओपन वॉटर स्विमिग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 का आयोजन दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किया गया, जबकि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की तकनीकी देखरेख में संपन्न हुईं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण में 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने आठ खेलों वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकाक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिग, मल्लखंब और रस्साकशी में भाग लिया।



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के दौरान घाटी में भारी ठंड और बर्फ की चादर की चादर के बीच एक इमारत से लटकती बर्फ की डंडियों के पास से गुजरता एक व्यक्ति।

## तुर्की में तूफान संबंधी घटनाओं के कारण पांच लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की में पिछले दो दिनों के दौरान आए तूफान और तेज हवाओं के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। तुर्की के प्रसारक एनटीवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान, भारी बारिश और हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए देश के 81 में से 63 प्रांतों के लिए गुरुवार को एलो अलर्ट जारी किया था। कई शहरों में शुक्रवार को भी तूफान का कहर जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार इन लोगों की मौत की मुख्य वजह छतों का गिरना रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार के लिए भी देश के आधे से अधिक प्रांतों में फिर से एलो अलर्ट जारी किया है।

## तारिक रहमान बीएनपी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थाई समिति ने तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार रात पार्टी के गुलशन कार्यालय में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था। पार्टी के संविधान के अनुसार, खाली पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थाई समिति की एक बैठक बुलाई गई थी। समिति ने बैठक में सर्वसम्मति से तारिक रहमान को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

### रिपोर्टः ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले, तेल खरीद सकती है रिलायंस भी

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा।

हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है,




■ वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है

लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (संक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी संक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। अगर भारत को फिर से वेनेजुएला का तेल खरीदने की अनुमति मिल जाती है, तो उसे अलग-अलग देशों से तेल मंगाने का एक और विकल्प मिलेगा। इससे भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से संक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरीः ट्रम्प

### कहाः नहीं, तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को देखना नहीं चाहते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए। हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा कि अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं। ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रायर और पनडुब्बियां शामिल हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे चीन और रूस दोनों को पसंद करते हैं। उनके नेताओं व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह उन्हें ग्रीनलैंड नहीं दे सकते।

ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे करने के पीछे की वजह इस इलाके में रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी को बताया। जब ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका का पहले से ही वहां सैन्य अड्डा है, तो पूरे कब्जे की क्या जरूरत है। इसपर ट्रम्प ने जवाब दिया कि लीज काफी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मालिक होते हैं, तो हम इसकी रक्षा करते हैं। लीज की रक्षा उतनी नहीं की जाती। हमें पूरा मालिकाना हक चाहिए। ट्रम्प ने पुरानी कूटनीति की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि देश 100 साल के सौदे नहीं कर सकते, बल्कि मालिकाना हक से ही रक्षा होती है। ट्रम्प 2019 से ही यह कहते आ रहे हैं कि वह डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं, जबकि अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो सैन्य गठबंधन के सदस्य हैं। अगर ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब होगा कि अमेरिका नाटो के ही सदस्य देशों के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने जवाब दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी थी कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने रायटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डालर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है।

## हम अमेरिकी नागरिक नहीं बनेंगे

■ ग्रीनलैंड के पांच सियासी दलों की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक, डेनमार्क को भी सुनाया

**ग्रीनलैंड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरा लहजा अपनाया हुआ है। इतना ही नहीं अमेरिकी नेता भी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच ग्रीनलैंड की संसद के सभी पांच प्रमुख राजनीतिक दलों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक जवाब दिया है। राजनीतिक दलों ने ट्रम्प की ग्रीनलैंड को अमेरिका के नियंत्रण में लेने की धमकियों को कड़े शब्दों में खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्रीनलैंड शअमेरिकन नहीं होगाश और उसका भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोगों की तरफ से तय किया जाना चाहिए। बयान में पांचों दलों, जिसमें प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन सहित विपक्षी दल नालेराक के नेता भी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि वे किसी भी अमेरिकी अधिग्रहण के गंभीर रूप से असम्मानजनक रुख के खिलाफ हैं। देर रात जारी बयान में नेताओं ने साफ कहा कि हम अमेरिकी नहीं होंगे, हम डेनिश नहीं होंगे, हम ग्रीनलैंडवासी हैं। सभी दलों की यह एकता विशेष रूप से इसलिए अहम है, क्योंकि इसमें विपक्षी पार्टी नालेराक के नेता पेले ब्रोबर्ग भी शामिल हैं, जो वाशिंगटन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए सबसे अधिक इच्छुक रही हैं। बता दें कि कुछ ही दिन पहले ब्रोबर्ग ने ग्रीनलैंड से डेनमार्क को दरकिनार करते हुए सीधे अमेरिका के साथ बातचीत करने का आह्वान किया था। अब बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य खुद ग्रीनलैंड के लोगों द्वारा तय किया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार का सम्मान होना चाहिए।

## अमेरिका ने रूस के दबाव के बाद 2 नागरिक छोड़े

■ तीन भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में, यूएस ने 3 दिन में पांच तेल टैंकर जब्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले आयल टैंकर जहाज 'मैरिनेरा' से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था।

अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जार्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और आयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में पांचवी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसै जेराल्ड आर. फोर्ड से लान्च किया गया। पूरे अभियान के दौरान किसी तरह की झड़प या नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल यह साफ नहीं किया है कि टैंकर ओलिना किस देश का है या वह किस कंपनी के स्वामित्व में है। जहाज का फ्लैग, मालिकाना हक और क्रू की नागरिकता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वह इन प्रतिबंधों का हवाला देकर वेनेजुएला से तेल लेकर जाने वाले जहाजों को पकड़ रहा है। अमेरिका ने पिछले महीने 10 दिसम्बर को भी वेनेजुएला के तट के पास एक आयल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को पकड़ गया मैरिनेरा टैंकर रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था, जो वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। दूसरी तरफ रूस ने इस कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून का उल्लंघन बताया। रूस के परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों ने इस जहाज को खुले समुद्र में रोका, जहां किसी भी देश का अधिकार नहीं होता।

## ईरान वापस लौटने की तैयारी में क्राउन प्रिंस रजा पहलवी

**तेहरान।** ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह अब अपने वतन वापसी की तैयारी कर रहे हैं। पहलवी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि मैं अपने लोगों के साथ, महान देश ईरान के साथ रह सकूं, हमारी राष्ट्रीय क्रांति जीतेगी। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत करीब है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों, खासकर तेल के कामकाज में लगे कर्मियों से भी हड़ताल पर जाने की अपील की। उन्होंने लिखा कि इस बारे में, मैं इकॉनमी के खास सेक्टर, खासकर ट्रांसपोर्टेशन, और तेल, गैस, और एनर्जी के वर्कर्स और कर्मचारियों से देश भर में हड़ताल शुरू करने की अपील करता हूं। ईरान के शाह पहलवी, देश में धार्मिक क्रांति का बिगुल बजने से पहले देश के प्रमुख थे पर इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने भागकर अमेरिका की शरण ली थी। क्राउन प्रिंस उन्हीं के बेटे हैं और आज भी ईरान में शाह के परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पहलवी ने यह भी कहा कि लोग प्रतीकों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से यह भी कहता हूं कि आज और कल, शनिवार और रविवार (10 और 11 जनवरी) को, देश के झंडों, तस्वीरों और निशानों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन, 217 लोगों की मौत का दावा

### ईरानी सेना बोलीः बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है।

इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं

सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजरायल के साथ संघर्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजरायल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। देशभर में ळमर्द आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है।

## ईयू ने मर्कोसुर समझौते को दी मंजूरी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को लंबे समय से विचाराधीन 'ईयू-मर्कोसुर साझेदारी समझौते' को हरी झंडी दे दी। ईयू सदस्यों ने व्यापारिक लाभों को बचाने के लिए एक 'व्यापक साझेदारी समझौते' और 'एक स्वतंत्र अंतरिम व्यापार समझौते' की सहमति दी है। ईयू ने बताया कि यह समझौता ईयू और मर्कोसुर के संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक आधुनिक साझेदारी के तहत राजनीतिक संवाद, सहयोग और व्यापार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। गौरतलब है कि लगभग 25 वर्षों से ईयू-मर्कोसुर समझौते पर बातचीत चल रही है, जो बदलती राजनीतिक स्थितियों, दक्षिण अमेरिका में पर्यावरणीय सुरक्षा पर विवादों और यूरोप के कृषि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के विरोध के कारण बार-बार रुकती और शुरू होती रही है।

# भारत में अफगान के राजनयिक होंगे नूर अहमद नूर

### तालिबान शासन में पहली बार नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में की गई नई नियुक्ति

**काबुल।** अफगानिस्तान ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद नूर को राजनयिक के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

नूर अहमद से पहले भारत में अफगानिस्तान के राजनयिक फरीद मामुंदजाय थे। वह अशरफ गनी की सरकार के समय भारत में अफगान दूत के रूप में काम कर रहे थे। तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं। उसी के बाद लंबे समय तक भारत में अफगानिस्तान की तरफ से कोई नया औपचारिक राजनयिक नहीं भेजा गया था। इसलिए नूर अहमद की नियुक्ति को भारत-अफगानिस्तान रिश्तों में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद को राजनयिक नियुक्त करने का मतलब यह है कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने कूटनीतिक संपर्कों को फिर से सक्रिय और मजबूत करना चाहता है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान और भारत के रिश्ते सीमित हो गए थे, लेकिन मानवीय मदद, दवाइयों, वीजा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बातचीत चलती रही। अब किसी नए राजनयिक की नियुक्ति यह संकेत देती है कि अफगानिस्तान चाहता है कि भारत के साथ संवाद सीधे दूतावास के जरिए नियमित रूप से चलती रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इससे पहले वे अफगान विदेश मंत्रालय के फर्स्ट पालिटिकल डिपार्टमेंट के महानिदेशक रह चुके हैं। नूर अहमद उस डेलीगेशन का हिस्सा थे, जो अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ अक्टूबर 2025 में भारत आया था।



■ तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं

## अमेरिका ईरान में कर सकता है हस्तक्षेप मगर फौजें जमीन पर नहीं उतारेगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान वर्तमान अशांति के इस दौर में लोगों को मारना शुरू कर देता है तो अमेरिका इसमें हस्तक्षेप करेगा, हालांकि वह जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। ईरान की स्थिति पर संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, तो ऐसा होने पर अमेरिका अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अपनी फौजें, ईरान की जमीन पर उतार देगा। इसका अर्थ यह है कि उन्हें वहां बहुत जोर से मारना है, जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है।

# अमेरिका नेतन्याह को भी किडनैप करेः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्की भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फलस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया,



■ वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजरायली पीएम फलस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मनः रक्षा मंत्री

जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं। एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं? पाकिस्तान का इजरायल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजरायल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।

# फिल्म अकेली में नुसरत भरूचा की शानदार परफॉर्मेंस की फराह ने की तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार और कोरियोग्राफर फराह खान ने फिल्म अकेली में नुसरत भरुचा के शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की है। हाल ही में द फराह खान शो में नजर आई नुसरत भरूचा ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर पर खुलकर बात की, बल्कि अपने कुकिग स्किल्स से भी सबका दिल जीत लिया। इस एपिसोड में नुसरत ने फराह खान के लिए खास होम-स्टाइल डिश मटन उप्पु करी तैयार की। कुकिग सेशन के दौरान माहौल काफी मस्ती भरा और घरेलू रहा। इस मौके पर नुसरत सफेद टी-शर्ट और डेनिम में कैजुअल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। फराह खान ने बातचीत के दौरान नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया और उनसे पूछा कि उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। बिना सोचे-समझे नुसरत की मां ने सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। इस पर फराह खान ने तुरंत हामी भरते हुए अकेली में नुसरत की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और फिल्म की भावनात्मक गहराई को सराहा। फराह खान ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा कि अकेली में तुमने वाकई शानदार काम किया। पूरी फिल्म में तुम अकेली लड़की थीं, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया।ˮइसे सुनकर जहां सभी हंसने लगे, वहीं फराह ने अपनी बात आगे बघते हुए नुसरत की दमदार सोलो परफॉर्मेंस के प्रभाव को भी काफी सराहा। गौरतलब है कि फिल्म अकेली , नुसरत भरूचा के करियर का एक अहम पड़ाव साबित रही है, जिसमें उन्होंने लगभग पूरी कहानी अपने कंधों पर उठाई थी। एक खतरनाक माहौल में फंसी महिला के किरदार को उन्होंने जिस भावनात्मक गहराई, मजबूती और वास्तविकता के



साथ निभाया, उसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। नुसरत भरूचा ने अलग-अलग जॉनर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से लोकप्रियता हासिल करने के बाद उन्होंने सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों से सफलता का सिलसिला आगे बढ़ाया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट आधारित फिल्मों में उनके गंभीर और सशक्त अभिनय ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया, खासतौर पर हॉरर जॉनर में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया।



# कांतारा, नरसिम्हा ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल



**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की वर्ष 2025 में प्रदर्शित दो चर्चित फिल्में महावतार नरसिम्हा और कांतारा: चैप्टर 1 को ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में भेजा गया है। कांतारा: चैप्टर 1 का डायरेक्शन ऋषभ शेट्टी ने किया है और इसे विजय किरागंदूर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है और इसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं हैं और अपनी दमदार कहानी, संस्कृति से जुड़े अंदाज, शानदार तकनीक और बेहत. रीन विजन के लिए खूब सराही गईं हैं।

ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में आने के बाद अब इन दोनों फिल्मों पर कई बड़े अवॉर्ड कैटेगरी में डाले जाने को लेकर ध्यान दिया जाएगा। इनमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट प्रोड्यूसर, बेस्ट स्टोरी/राइटिग, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। ऐसे में, आगे इन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला अकादमी द्वारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इस साल ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल कुल पांच भारतीय फिल्मों में से दो फिल्में होम्बले फिल्म्स की हैं। यह दिखाता है कि होम्बले फिल्म्स का असर लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सिनेमा को ग्लोबल स्तर पर पहचान दिलाने में उसका योगदान लगातार मजबूत होता जा रहा है।

यह पहचान दिखाती है कि होम्बले फिल्म्स लगातार मजबूत कहानियों का साथ दे रहा है, अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ा रहा है और इंडियन सिनेमा को उसकी असली पहचान और बड़े लेवल के साथ इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है। जैसे-जैसे भारतीय सिनेमा दुनिया भर में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, होम्बले फिल्म्स की यह उपलब्धि इंडस्ट्री की बढ़ती ग्लोबल मौजूदगी और क्रिएटिव ताकत को साफ दिखाती है।यह होम्बले फिल्म्स के साथ-साथ पूरे भारतीय सिनेमा के लिए एक सचमुच गर्व का पल है।





# 52 के हुए ऋतिक रोशन, पश्मीना रोशन ने दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन आज 52 साल के हो गए हैं। 10 जनवरी 1974 को मुंबई में जन्में ऋतिक रोशन को अभिनय की कला विरासत में मिली। ऋतिक के पिता राकेश रोशन जानेमाने फिल्मकार और अभिनेता हैं, जबकि उनके दादा रोशन ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऋतिक रोशन ने बतौर बाल कलाकार आशा, आपके दीवाने, आसपास और भगवान दादा जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2000 में अपने पिता राकेश रोशन निर्मित रोमांटिक फिल्म कहो ना प्यार है से की थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की जोघी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

वर्ष 2000 में ही ऋतिक की फिजा और मिशन कश्मीर जैसी फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्मों में रितिक ने अपनी रूमानी छवि में बदलाव लाते हुए संजीदा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिजा के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2001 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण फिल्म नकार दी गई। इसी साल रिलीज करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2003 में ऋतिक रोशन को एक बार फिर से अपने पिता की फिल्म कोई मिल गया में काम करने का अवसर मिला। सांइस नैचुरल थ्रिलर इस फिल्म में रितिक रोशन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।साल 2006 उनके करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस साल रिलीज उनकी धूम 2 और कृष जैसी फिल्में सुपरहिट हुई। यश राज बैनर तले बनी धूम के सीक्वल धूम 2 में ऋतिक रोशन ने नेगेटिव किरदार निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं कोई मिल गया के सीक्वल कृष मे ऋतिक ने सुप. रहीरो का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई। यह फिल्म वर्ष 1990 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ की रिमेक थी। फिल्म टिकट खिघ्की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं ऋतिक दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। वर्ष 2013 में रिलीज 'कृष 3' रितिक के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्ष 2014 में ऋतिक की फिल्म बैंग बैंग ने 180 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। वर्ष 2017 में रितिक की फिल्म काबिल रिलीज हुई। फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2019 में ऋतिक की सुपर 30 और वॉर जैसी कामयाब फिल्में रिलीज हुई। वर्ष 2022 में ऋतिक की फिल्म विक्रम वेदा और वर्ष 2024 में फाइटर प्रदर्शित हुई। वर्ष 2025 में ऋतिक की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई है। उधर, अभिनेत्री पश्मीना रोशन ने अपने कजनि और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए एक बेहद भावुक और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। पश्मीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भैया। आपका दिन और पूरा साल सबसे बेहतरीन हो। लव यू! इस भावनाओं से भरे संदेश ने देखते ही देखते फैंस का ध्यान खींच लिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यूं तो आज ऋतिक रोशन के जन्मदिन के मौके पर परिवार, दोस्तों और दुनियाभर के फैंस की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## मीरा चोपड़ा ने पिकमून मेटा स्टूडियोज का शुभारंभ किया, गांधी टॉक्स पहली फिल्म

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा ने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखते हुए अपने बैनर पिकमून मेटा स्टूडियो का शुभारंभ किया है। पिकमून मेटा स्टूडियो की पहली गांधी टॉक्स है।

जी स्टूडियो, क्यूरियस डिजिटल और पिकमून मेटा स्टूडियोज के बैनर तले प्रस्तुत यह फिल्म, लेखक की कल्पना को बेहतरीन दृश्यात्मक भाषा और भावनात्मक गहराई के साथ पर्दे पर उतारती है। संवादों की अनुपस्थिति इस फिल्म की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने, महसूस करने और कहानी से गहरे स्तर पर जुड़ने का अवसर देती है। मीरा चोपड़ा ने कहा, पिकमून मेटा स्टूडियोज स्थिरता और गरिमा की शक्ति में मेरे विश्वास से न्मा है।

# दंगल टीवी के धारावाहिक मन अतिसुंदर ने पूरे किए 900 एपिसोड

**मुंबई।** दंगल टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक मन अति. सुंदर ने 900 एपिसोड का शानदार सफर पूरा कर लिया है। दंगल टीवी का बहुत पसंद किया जाने वाला फिक्शन शो, मन अति सुंदर, 900 सफल एपिसोड पूरे करके एक असाधारण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह शो दमदार कहानी, भावनात्मक गहराई और सार्थक सामाजिक संदेशों वाली अपनी इस सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। शुरू से ही, इस शो ने देश भर के दर्शकों के दिलों को छुआ है, और सभी उम्र के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा बना हुआ है। शो मन अति सुंदर के मुख्य कलाकार, तनिष्क (राध्या) और स्पर्श (प्रथम) ने कहानी के भावनात्मक पहलू को जीवंत



करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे शो का अपने दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव हुआ है। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए, राध्या का किरदार निभाने वाली तनिष्क ने कहा, मन अति सुंदर का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से शानदार रहा है। पिछले कुछ सालों में शो को जो प्यार और पसंद मिली है, वो मेरी उम्मीद से बहुत ज्यादा है, और 900 एपिसोड तक पहुंचना हमारे दर्शकों के साथ एक सपने जैसा लगता है।ˮ शो के साथ शुरू से ही जुड़ी हुई अदाकारा तनिष्क आगे कहती हैं, मैं दंगल टीवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें ऐसी कहानियां सुनाने का मौका दिया जो सच्ची भावनाओं और सार्थक सामा. जिक विषयों को गहराई तक छूती हैं और हम पर भरोसा किया कि हम ऐसी कहानी पेश करें जो दर्शकों के साथ इतनी दिल से जुड़ी रहे। इसके अलावा, शो के नायक (प्रथम) स्पर्श ने कहा, मन अति सुंदर शो ने हमें सिखाया है कि कहानी कहने में ईमानदारी हमेशा लोगों को आपसे,जोड़ती है। 900 एपिसोड पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व की बात है जो इतने सारे लोगों को प्रेरित करती है और उनसे जुड़ती है।

